

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com tarun_press@yahoo.co.in

Web: www.tarunchhattisgarh.in facebook.TarunChhattisgarh Twitter - Tchhattisgarh36 Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर, गुरुवार 15 दिसंबर 2022 ■ पौष कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-256 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 16 दिसंबर 2022 ₹ 1.00

phone: 0771-2543112




## 10 बिन्दुओं पर जवाब तत्काल देंगे : सीएम

**रायपुर, 15 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि आरक्षण विधेयक पर भाजपा रोड़ा अटकाना चाह रही है। भाजपा चाहती ही नहीं है कि आदिवासियों को उनके हक का आरक्षण मिले। भाजपा पहले ही मंडल-कमंडल की लड़ाई लड़ चुकी है।

राज्यपाल द्वारा 10 बिन्दुओं पर जवाब मांगे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तत्काल जवाब देंगे। उन्होंने पूछा कि क्या विभाग विधानसभा से बड़ा है। उधर बागबाहरा रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय योजना का लाभ सभी को मिल रहा है। लोगों को योजनाओं के लाभ मिलने से राहत मिली है।

सरकारी योजनाओं के बारे में पत्रकारों को बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष धान खरीदी में एक करोड़ दस लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि हमने मिलेट्स प्लांट की शुरुआत की, उत्पादकों के साथ स्थानीय लोगों को भी इसका लाभ मिल रहा है।

रोजगार मिल रहा है। सभी जिलों में लोग कह रहे हैं कि गौठानो के कारण पलायन रुका है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं, हाट बाजार, स्लम स्वास्थ्य योजना जैसी योजनाएं चलाई जा रही है। बिजली बिल हाफ योजना का 42 लाख लोग फायदा ले रहे हैं। हम दलहन फसल को समर्थन मूल्य पर खरीद रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंग्लिश मीडियम स्कूल की मांग बहुत है, लोग विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। प्रमाण पत्र बनाने के काम का भी सरलीकरण हुआ है। हमारी सरकार लगातार इस उद्देश्य के साथ काम कर रही है कि प्रशासन और जनता के बीच दूरी कम हो।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों के लिए सरकारी कामकाज की दूरी कम हुई है। प्रशासनिक इकाइयों की दूरी लगातार कम हो रही है। हमने तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए भी योजना बनाई है, शासन- प्रशासन लोगों के हित में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोमाखान में कॉलेज खुलेगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पत्रकार भवन के लिए 20 लाख रुपये की घोषणा की।

## योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दें

**रायपुर, 15 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बागबाहरा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल महासमुन्द जिले के खल्लारी विधानसभा के बागबाहरा रेस्ट हाउस में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली है। उन्होंने नरवा, गौठान, रूरल इंडस्ट्रियल पार्क आदि सभी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देने की बात कही।

उन्होंने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना पर चर्चा की और कहा कि जो परिवार छूट गए हैं उनका सर्वे कराएं। मुख्यमंत्री ने नरवा कार्यक्रम को गति देने एवं इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों को होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से जिले में नरवा प्रोजेक्ट की स्थिति की जानकारी ली, इस पर सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि ज़िले में 54 प्रोजेक्ट हैं । मुख्यमंत्री ने कहा कि नरवा विकास में तेज़ी से काम करें और इसकी उपयोगिता भी बताएं। उन्होंने दलहन, तिलहन फसलों को बढ़ावा देने की भी बात कही। उन्होंने नल-जल योजना के प्रोजेक्ट पूरे होने की जानकारी ली और कहा कि क्वालिटी में गड़बड़ी न हो। पूरे प्रोजेक्ट का लोकार्पण करें। उन्होंने कहा कि गोबर खरीदी नहीं होने की शिकायत मिली है, ऐसा न हो, नियमित खरीदी करें। गौठान में वर्मी कम्पोस्ट में मिट्टी मिलने की शिकायत है, इसे दूर करें। खाद में मिट्टी की शिकायत नहीं आनी चाहिए, गुणवत्ता से समझौता न करें। मुख्यमंत्री के पूछने पर ऑनलाइन रिपोर्ट में दैनिक खरीदी की जानकारी सीईओ ने दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैरा न जले, लोगों को पैरा जलने से होने वाले नुकसान के बारे में बताएं। उन्होंने पैरा दान अभियान की जानकारी भी ली मुख्यमंत्री ने गांजा और अवैध शराब की शिकायत मिलने की बात बताते हुए पुलिस को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री बघेल ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

एग्रीकल्चर में नकली दवा मिलने की शिकायत पर जांच के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी हॉस्पिटल को रेफर सेंटर न बनाएं, उन्होंने कहा स्वास्थ्य-किडनी की भी शिकायत आ रही है। मुख्यमंत्री ने दवाई की उपलब्धता की जानकारी भी ली। ग्राम चुरकी में पानी में फ्लोराइड की शिकायत के समाधान करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी को टीचर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भेंट मुलाकात के दौरान जर्जर भवन की भी शिकायत मिली है, फंड रिलीज करने के निर्देश। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों की शिकायत नहीं आनी चाहिए। स्थानांतरित कर्मचारियों को रिलीव ना करने की शिकायत आयी है, इसे दूर करें। अधिकारी-कर्मचारी अपनी ड्यूटी अच्छी तरह और जिम्मेदारी से करें।

## संक्षेप

### वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी

**बिलासपुर, 15 दिसंबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में तीन दिन पहले ही वंदेभारत एक्सप्रेस शुरू हुई थी. उद्घाटन के बाद तीसरे ही दिन पत्थरबाजी से वंदे भारत का शीशा टूट गया है. नागपुर से बिलासपुर की ओर आ रही वंदेभारत एक्सप्रेस में दुर्ग-भिलाई नगर के पास पत्थर मारा गया है. आरपीएफ की टीम इस मामले की जांच में जुट गई है. बिलासपुर से नागपुर के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन नागपुर में 11 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी ने किया था. यह ट्रेन बिलासपुर से नागपुर के मध्य 130 की स्पीड में दौड़ाई जा रही है. नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में पत्थरबाजी से वंदे भारत एक्सप्रेस के ई-1 कोच सीट 1-2 के पास लगे विंडो का शीशा टूट गया है. जिसकी मरम्मत बिलासपुर में हो रही है.

### नीतीश बोले- जो पिएगा, वो मरेगा

**पटना, 15 दिसंबर।** बिहार के छपरा में जहरीली शराब से अब तक 39 लोगों की मौतें हो गई हैं। 30 मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनकी हालत गंभीर है यानी मौतें और बढ़ सकती हैं। जिस मशरक इलाके में घटना हुई है, वहां थानेदार रितेश मिश्रा समेत 2 लोगों को सस्पेंड किया गया है। जांच के लिए एसआईटी बनाई गई है। अब तक 86 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उधर, सीएम नीतीश कुमार ने कहा है कि जहरीली शराब से शुरू से लोग मरते हैं। सबको अलर्ट रहना चाहिए, क्योंकि जब शराब बंदी है तो खराब शराब मिलेगी ही। जो शराब पियेगा वो मरेगा।

### भारत के 'अग्नि' से चीन चिंतित

**नई दिल्ली, 15 दिसंबर।** कुछ ऐसी बातें होती हैं जो आप दुनिया को बताओ या न बताओ लेकिन किसी न किसी माध्यम से वो दुनिया को पता चल ही जाती है। भारत की अग्नि-1 मिसाइल की ताकत जिसकी जद में पूरा बीजिंग समा सकता है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीन की करारी हार के बाद वो बहुत बिफरा हुआ नजर आ रहा है। तवांग में भारतीय जवानों से पिटने के बाद चीन अब अंतरराष्ट्रीय समुदायों के निशाने पर भी आ गया है। विस्तारवादी चीन के खिलाफ दुनिया के कई देश अब एक हो रहे हैं। सुपरपावर अमेरिका ने तो घुसपैठ को चीन की आदत करार दिया है।

अब भारत ने चीन की टेंशन को और बढ़ाने का काम कर दिया है। भारत की अग्नि-5 ने बीजिंग को चितिंत कर दिया है। खबर है कि 15-16 दिसंबर के बीच अग्नि-5 की टेस्टिंग हो सकती है। हिंद महासागर में नाविकों के लिए पहले ही नोटैम जारी कर दिया गया है। भारत की मिसाइल क्षमता को लेकर किए जा रहे दावों ने चीन की टेंशन को बढ़ाने का काम कर दिया है।

भारत की अग्नि-5 दुश्मनों के लिए कितनी घातक साबित हो सकती है इसके बारे में भी बता देते हैं। ये लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली ये बैलस्टिक मिसाइल है। 5 हजार किलोमीटर तक ये टारगेट को मारने में सक्षम है। इसकी रेंज में पूरा चीन आ सकता है। इसके अलावा अफ्रीका और यूरोप के कुछ हिस्से भी इसकी जद में आते हैं। परमाणु क्षमता से लैस अग्नि-5 में 1500 किलो वॉरहेड ले जाने में भी सक्षम है। 29401 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ये दुश्मन पर वार कर सकता है। अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन, फ्रांस, इजरायल और उत्तर कोरिया के बाद इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल रखने वाला भारत आठवां देश है।

## कांग्रेस नेता की हत्या में इस्तेमाल कार बरामद

**बिलासपुर 15 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बिलासपुर में कांग्रेस नेता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस के हाथ एक दिन बाद भी खाली हैं। पुलिस की तफ्तीश में लावारिस हालत में एक नीले रंग की कार बरामद हुई हैं। पुलिस इस कार को शूटर्स का होने की आशंका जताते हुए जब्त कर लिया हैं। पुलिस कार के नंबर से इस हत्याकांड का सुराग जुटाने का प्रयास कर रही हैं। आपको बता दे कि बुधवार को हुए इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस अफसर रायपुर टोल में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालती रही, इधर बिलासपुर-कोटा रोड से शातिर शूटर्स फरार हो गए। जांच में कार का नंबर प्लेट बदलने की बात भी सामने आ रही हैं।वहीं प्रारंभिक जांच में पुलिस को संजू के छोटे भाई कपिल त्रिपाठी पर शक है। पुलिस ने जांच के दौरान कोटा-भरनी मुख्य मार्ग पर सूनसान जगह पर एक लावारिस कार बरामद की हैं।



नीले रंग की इस कार का नंबर सीजी 10 एफ 1372 बताया जा रहा हैं। पुलिस का आशंका हैं कि शूटर जिस दो कार में आये थे, उनमें एक कार सफेद और दूसरी कार नीले रंग थी। वारदात के बाद भागने के दौरान बदमाशों ने सूनसान स्थान पर कार छोड़कर दूसरी गाड़ी से फरार हो गये। पुलिस ने लावारिश हालत में मिली कार को जब्त कर लिया हैं। कार का नंबर और चेचिस नंबर के आधार पर पुलिस इस हत्याकांड के आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं।

बिलासपुर एसएसपी पारूल माथुर ने पुलिस अधिकारियों की टीम गठित कर इस मामले को जल्द से जल्द सुलझाने के साथ ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया हैं। वही पुलिस इस हत्याकांड में मृतक संजू के छोटे भाई को मख्य आरोपी मानकर चल रही है, जो कि घटना के बाद से फरार हैं। पुलिस की प्राथमिक जांच में जमीन विवाद में ये सुपारी किलिंग कराये जाने की बात सामने आ रही हैं।

## 11 माह बाद रामविचार बनेंगे सीएम

**दुर्ग, 15 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ की सियासत में एक बयान ने सियासी पारा चढ़ा दिया है. पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ में भाजपा से सीएम चेहरे को लेकर खुले मंच से बड़ा बयान दिया है. इतना ही नहीं स्टेटमेंट के बाद वे तुरंत पलट भी गए. इसी कड़ी में अब कांग्रेस ने तंज कसा है. कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि क्या संगठन प्रभारियों से भी उनकी हैसियत बड़ी हो गई है. भाजपा नेता धरमलाल कौशिक ने कहा है कि चंद्राकर के बयान की जानकारी मुझे नहीं है। चंद्राकर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता हैं उनको कहीं से कोई जानकारी मिली होगी।

**पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर का खुले मंच से खुलासा**

दरअसल, बीजेपी ने दुर्ग जिले के रिसाली में भ्रष्ट कांग्रेस को हटाने के लिए छत्तीसगढ़ बचाव कार्यक्रम आयोजित किया था. इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राम विचार नेता, अजय चंद्रकार और रमशीला साहू जैसे नेता भी पहुंचे थे. इस कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित करते हुए खुले मंच से



अजय चंद्राकर ने कहा कि रामविचार नेताम 11 महीने बाद मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं. हम उस महिला को आईएएस अवार्ड देंगे.

यह बात उन्होंने एक महिला एडीएम अधिकारी के बारे में कही. अजय चंद्राकर ने कहा कि मेडिकल कॉलेज का मूल्यांकन एक महिला एडीएम कर रही हैं. उन्होंने कहा कि अगर वह बता दें कि टेस्ला एमआरआई मशीन की कीमत क्या है तो 11 महीने बाद रामविचार नेताम मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं, वे उन्हें प्रमोट कर आईएएस बना देंगे.

वैसे पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने भले ही चुटकी में यह बात कही हो, लेकिन मंच से उतरकर जब उनसे पूछा गया कि क्या रामविचार नेताम अगले चुनाव में भाजपा का सीएम चेहरा होंगे, तो उन्होंने कहा कि मैंने ऐसा नहीं कहा है.वहीं इस मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि जब भाजपा ने पहले ही तय कर लिया है कि चुनाव किसी के चेहरे पर नही सामूहिक नेतृत्व पर लड़ा जाएगा, तो क्या अजय चंद्राकर की हैसियत ओम माथुर, नितिन नवीन और अजय जमवाल से बड़ी हो गई है, जो अपने मन से सीएम का ऐलान करते फिर रहे हैं. इसका जवाब बीजेपी संगठन को देना चाहिए.उन्होंने कहा कि बीजेपी की स्थिति उस कहावत जैसी हो गई हैज्सूत न कपास, जुलाहों में लट्ठम-लट्ठा. इस बयान ने प्रदेश की राजनीति में सियासी भूचाल ला दिया है.

## कारसेवकों से भरी ट्रेन को जलाने वाले केस में सुको ने उम्र कैदयाफ्ता दोषी फारुक को दी जमानत

**नई दिल्ली, 15 दिसंबर।** 27 फरवरी, 2002 भारत के इतिहास का एक काला अध्याय है, जिसने हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की भावना को आग लगा दी थी। 27 फरवरी पूरे देश के लिए तारीख ही नहीं बल्कि इस तारीख का हमारे देश के अतीत से काला रिश्ता है। इसी दिन गोधरा रेलवे स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के एक डब्बे को आग के हवाले कर दिया गया था, जो कारसेवकों से भरी थी। गोधरा कांड के सजायाफ्ता दोषी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। गुजरात सरकार के कड़े विरोध के बावजूद गोधरा कांड के उम्रकैदयाफ्ता दोषी फारुक को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है।

सीजेआई ने गोधरा कांड के दोषी को जमानत देते हुए कहा कि फारुक 2004 से जेल में है और 17 साल जेल में रह चुका है। लिहाजा उसे जेल से जमानत पर रिहा किया जाए। दोषी पर पत्थरबाजी का मामला है। सुनवाऊ के दौरान जमानत का विरोध करते हुए गुजरात सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ये महज पत्थरबाजी नहीं थी। ये जघन्य अपराध था। जलती ट्रेन से लोगों को बाहर नहीं निकलने दिया गया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह महज पत्थरबाजी का केस नहीं है।

## नाबालिग पड़ोसी निकला बच्ची की हत्या का आरोपी

**रायपुर, 15 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

रायपुर के सड्डू इलाके से गायब हुई बच्ची की 7 दिन बाद लाश मिली थी। इस कांड को अंजाम देने वाले का पता चल चुका है। रायपुर की पुलिस ने बच्ची के घर के पास ही रहने वाले नाबालिग को पकड़ा है। इसी ने इस घटना को अंजाम दिया।

हत्या के कारणों को लेकर पुलिस फिलहाल पूछताछ कर रही है। जल्द ही रायपुर के एसएसपी प्रशांत अग्रवाल इसका खुलासा करेंगे। मामला विधानसभा थाना इलाके का है। सड्डू के बीएसयूपी कालोनी में रहने वाली 8 साल की दुर्गा यादव लापता हो गई थी। इसके बाद घर से 500 मीटर के दूरी पर बच्ची का शव मिला था। 7 दिसंबर की शाम से लापता बच्ची का शव सड्डू सेक्टर 8 के मकानों के पीछे झाड़ियों में मिला था। पुलिस ने बच्ची का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार आरोपी की तलाश कर रही थी। जहां लाश मिली वहां रहने वाले लोगों को लाश की बदबू आ रही थी। जिसके बाद देखा गया कि कॉलोनी के पिछले हिस्से में झाड़ियों के पास शव है। स्थानीय लोगों ने विधानसभा पुलिस को सूचना दी। मंगलवार देर रात बच्ची का शव बरामद किया गया।

जिस जगह से बच्ची की लाश मिली वहां शव को कपड़े और थर्माकोल में लपेट कर फेंका गया था। शुरुआती जांच में पता चला है कि बच्चे की हत्या कहीं और की गई और फिर यहां लाकर लाश फेंकी गई है। बच्ची की लाश मिलने के बाद अब पुलिस ने उसके पिता राजू यादव को हिरासत में लिया था। मगर हत्यारा तो पड़ोसी ही निकला।

8 साल की दुर्गा की 3 बहनें और एक छोटा भाई हैं। बहनों के साथ दुर्गा खेल रही थी। मां ने बताया कि उसकी बड़ी बहनें कुछ खाने के लिए घर आई। मैंने देखा एक सफेद कार के पास बेटी खड़ी थी। मैंने उसे आवाज दी कि वो इधर आ जाए, मगर वो खेलकर आउंगी कहने लगी। कुछ देर बाद जब मेरा ध्यान गया वो कार भी गायब थी और मेरी बेटी भी।

## मुस्लिम समुदाय भी पठान के विरोध में

**भोपाल, 15 दिसंबर।** फिल्म पठान के रिलीज से पहले ही शाहरुख खान विवादों में घिर गए हैं. मूवी का देशभर में विरोध हो रहा है. सोशल मीडिया पर हैशटैग बॉयकॉट ट्रेंड कर रहा है. हिंदुओं के बाद अब मुस्लिम समुदाय ने भी फिल्म को निशाने पर लिया है. फिल्म को लेकर मुस्लिम संगठन विरोध में उतर गया है. ऑल इंडिया मुस्लिम कमेटी के चेयरमैन औसाफ शाहमीरी खुर्रम ने पठान फिल्म पर बैन लगाने की मांग की है.

ऑल इंडिया मुस्लिम कमेटी के चेयरमैन औसाफ शाहमीरी खुर्रम ने कहा कि इस्लाम को बुरी तरह बदनाम करने की साजिश हो रही है. फिल्म में इस्लाम मज़हब के बारे में मजाक उड़ाया गया है. फिल्म में बेहूदगी अश्लीलता और नंगापन दिखाया गया है. गाने में इस्लाम को बदनाम करने की साज़िश की गई है. देश के तमाम मुस्लिम लोगों में इस फिल्म को लेकर गुस्सा है.

युवाओं से गुजारिश है कि ऐसी फ़िल्मों में चाहे शाहरुख खान हो या कोई और खान हो उसका विरोध किया जाए. ऐसी तमाम फिल्मों पर बैन लगाया जाए. जिससे मुस्लिम की भावनाएं आहत होती हैं. ऑल इंडिया मुस्लिम कमेटी के सभी मेंबर से अपील करते हैं कि इस्लाम की बुराई बर्दास्त नहीं करेंगे. उलेम बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष काजी अनस अली ने कहा कि पठान फिल्म में अश्लीलता परोसी गई. फिल्म के जरिए इस्लाम का गलत प्रचार किया गया. मुस्लिम समाज से अपील पठान फिल्म का बॉयकॉट करें. सेंसर बोर्ड से अपील की है कि फिल्म पर ब्रेक लगे. फिल्म से देश की शांति भंग हो सकती है. फिल्म के जरिए हमारा मजाक उड़ाया जाएगा. बता दें कि हाल ही में शाहरुख खान के पठान फिल्म का पहला गाना बेशर्म रंग भी रिलीज हो गया है.

### फुटबाल : कतर विश्व कप 2022, मोरक्को के विजयी रथ को रोककर फ्रांस फायनल में

jasclaudius@gmail.com

## विजेता बनने दो महाद्वीप की टीम आमने-सामने

**जसवंत क्लाडियस, तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

अफ्रीका महाद्वीप के लिए गौरवशाली कीर्तिमान रचते हुए मोरोक्को (22) की टीम ने 2022 के कतर फुटबाल विश्व कप में सेमीफायनल तक का सफर तय किया। इतिहास गवाह है कि अफ्रीका महाद्वीप की किसी टीम ने 2022 के पहले फुटबाल की इस सबसे प्रतिष्ठित स्पर्धा में सेमीफायनल में जगह नहीं बनाई थी। अफ्रीका से 5 टीम ने इस विश्व कप के लिए योग्यता हासिल की थी जिसमें सेनेगल (18) सर्वश्रेष्ठ टीम थी जबकि मोरक्को (22), ट्यूनीशिया (30), कैमरून (43), घाना (61) सम्मिलित थी। मोरेक्को के अलावा अफ्रीका की बाकी टीम ग्रुप स्टेज में ही पराजित हो गई थी।

2022 की इस प्रतियोगिता में मोरक्को को ग्रुप एफ में जगह मिली थी। इसमें क्रोएशिया से उनका मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ जबकि उन्होंने कनाडा को 2-1 से और विश्व की दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम को 2-0 से पछाड़ते हुए राउंड आफ 16 में स्थान प्राप्त किया था। इस टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर ग्रुप स्टेज में बेल्जियम का बाहर होना रहा जिसका श्रेय मोरोक्को की टीम को गया।

उनकी इस सफलता ने खिलाड़ियों में कुछ कर गुजरने के लिए ऐसा आत्मविश्वास भर दिया जिससे वे सेमीफायनल तक पहुंचा गए। राउंड आफ 16 में मोरोक्को ने अपने से बेहतर वरीयता क्रम वाले स्पेन (07) को पेनाल्टी शूटआउट में पछाड़ा। स्पेन के खिलाड़ियों ने 120 मिनट पिच पर तगड़ा संघर्ष किया लेकिन पेनाल्टी शूटआउट में वे फिसड्डी साबित हुए। दुर्भाग्य की बात है कि यूरोपीय फुटबाल के क्लब लीग में धूम मचाने वाले





साराबिया, सोलर, बसक्वेट्स जैसे फुटबालर मोरोक्को के गोलकीपर कप्तान रोमेन साइस के सामने नतमस्तक हो गए। इसी तरह क्वार्टरफायनल में यूरोप की एक अन्य शक्तिशाली टीम पुर्तगाल (09) को 1-0 से शिकस्त देकर मोरोक्को सेमीफायनल में जगह बनाने में कामयाब हो गई। 1930 से आरंभ विश्वकप प्रतियोगिता में 92 वर्षों बाद अफ्रीका महाद्वीप का सेमीफायनल में पहली बार पहुंचना यह स्पष्ट करता है कि फीफा का फुटबाल की तकनीक, प्रशिक्षण, नियम आदि की जानकारी जगत के सभी 211 देशों की फेडरेशन को प्रदान करना अब फलवती हो रही है। सेमीफायनल में मोरोक्को का फ्रांस (04) से मैच लगभग एकतरफा ही रहा। इस मुकाबले का संघर्षपूर्ण होने का अनुमान लगाया जा रहा था लेकिन निर्धारित समय में ही दो गोल करके फ्रांस लगातार दूसरी बार विश्व कप के फायनल में पहुंच गई। मैच के आरंभ होते ही फ्रांस की टीम ने मोरोक्को पर आक्रमण किया और खेल के 5वें मिनट में फारवर्ड थियो हेरनांडेज ने गोल ठोककर मोरोक्को के खिलाड़ियों के हौसले पस्त कर दिया। 2018 की विजेता होने और लगातार दूसरी बार फायनल में स्थान बनाने की महत्वाकांक्षा ने आज फ्रांस की टीम को सफलता हासिल करने में मनोवैज्ञानिक रूप से मदद की।

खेल के 79 मिनट में मोरोक्को की रक्षापंक्ति को तोड़कर रंडल कोलो मौनी ने दूसरा गोल ठोक दिया। इस तरह फ्रांस ने तीसरी बार विश्व चैंपियन बनने की राह पर है। विजेता कौन बनेगा इस पर खेलप्रेमियों की निगाह बनी हई है परंतु मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण होने की उम्मीद है। विश्व की नंबर 03 दक्षिण अमेरिका महाद्वीप की अर्जेंटीना भी 1986 के बाद फिर से विजेता बनने के लिए नई रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी। 18 दिसम्बर को जो टीम एक होकर खेलेगी चैंपियन वही बनेगी।

## जयशंकर ने चीन-पाक को दिखाया आईना

**नई दिल्ली, 15 दिसंबर।** विदेश मंत्री एस जयशंकर का एक बड़ा बयान सामने आया है। चीन और पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि कुछ देश गुट बनाकर आतंकियों को बचाते हैं। लादेन की मेजबानी करने वाले हमें उपदेश न दें। एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुश्मनों को दो टूक सुनाई है। जयशंकर ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद को जायज ठहराना ठीक नहीं है। जिस देश ने ओसामा बिन लादेन की मेजबानी की हो, जिस देश ने पड़ोसी देश की संसद पर हमला किया हो उस देश के पास उपदेश देने की साख नहीं बची है। पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाते हुए संयुक्त राष्ट्र में जयशंकर ने कहा की साम पार आतंकवाद को जायज ठहराना ठीक नहीं है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान



कश्मीर मुद्दा उठाए जाने पर उनकी आलोचना की है। अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा तथा सुधारित बहुपक्षवाद के लिए नई दिशा विषय पर बहस की अध्यक्षता करते हुए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता हमारे समय की प्रमुख चुनौतियों के प्रभावी प्रतिक्रिया पर निर्भर है। जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता हमारे समय की प्रमुख चुनौतियों, फिर चाहे वह महामारी हो, जलवायु परिवर्तन हो, संघर्ष हो या आतंकवाद हो, के खिलाफ प्रभावी प्रतिक्रिया देने पर निर्भर करती है।

## एक नजर

### पीएम आवास योजना के तहत गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण पर विशेष फोकस:कुर्रे



**कवर्धा, 15 दिसंबर।** कवर्धा नगर पालिका में हितग्राहियों के पीएम आवास गुणवत्ता पूर्ण बने जिस पर कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे लगातार मॉनिटरिंग कर रहे है और तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे ने बताया की पीएम आवास योजना के तहत पांच सौ पचास से ज्यादा आवास बन चुके है और दोसो से ज्यादा गुणवत्ता युक्त आवास निर्माण प्रगति पथ पर है । कवर्धा शहर की स्वच्छता पर नगर पालिका विभाग अच्छे से ध्यान दे रही है । कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे ने बताया की कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा और सीएमओ नरेश वर्मा के मार्गदर्शन में कवर्धा नगर पालिका में वार्डो में सुंदर एवं स्वच्छ आवास बनाएं जा रहे है ।

### झूठा आरोप लगाकर फसाने की धमकी देने वाले के खिलाफ एफआईआर

**भिलाई, 15 दिसंबर।** चेक बाउंस कर देने एवं धोखाधड़ी का झूठा केस लगाकर फसाने की धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ उतई पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ धारा 507, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है 7 पुलिस के मुताबिक अचानकपुर उतई निवासी अश्विनी कुमार डड़सेना खेती किसानी का कार्य करता है। 30 नवंबर को उसके मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया। फोन धारक तेजाराम निवासी पलारी से बात करने के दौरान स्पीकर चालू कर आरोपी लेख राम निवासी रिवागहन, हरीश केसवानी निवासी धमतरी, एमीन साहू निवासी रीवागहन द्वारा एक राय होकर उससे कहा गया कि उसका चेक हमें मिला है उसे हम बाउंस करा देंगे और उसे धोखाधड़ी तथा चेक बाउंस के मामले में फंसा देंगे। इसके एवज में वह उन्हें 15 लाख रुपए की रकम दें।

### भिलाई इस्पात संयंत्र के गोदना शिल्प प्रशिक्षण का समापन



**भिलाई, 15 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा नारी सशक्तिकरण के तहत ग्राम नंदौरी, जिला दुर्ग में दिनांक 06 सितम्बर 2022 से 05 दिसम्बर 2022 तक त्रैमासिक गोदना शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस प्रशिक्षण में ग्राम नंदौरी की कुल 25 महिलाओं ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को रुपये 3000 प्रतिमाह की छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई है। मुख्य अतिथि श्रीमती नीलिमा नंदनवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हस्तशिल्प आधारित सामग्री की मांग देश एवं विदेशों तक की जा रही है। इस प्रशिक्षण के बाद महिलाएं अपने उत्पाद की बिक्री के द्वारा अच्छी आय अर्जित कर सकती है। इस प्रकार का प्रशिक्षण महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अहम भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का समापन दिनांक 08 दिसम्बर 2022 को किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती गीतांजलि वर्मा, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अधिकारी धनकर एवं कर्मचारी तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रजनी रजक एवं संयोजन महाप्रबंधक (सीएसआर) शिवराजन, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े, सहायक प्रबंधक विवेक मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में कपिल देव, आशुतोष सोनी, सीता सिन्हा, बुधेलाल एवं अंजनी कुमार द्विवेदी का सराहनीय योगदान रहा।

# वार्षिक खेल महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 दिसंबर।** भिलाई इस्पात विकास विद्यालय, सेक्टर-6 का चौदहवा वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक शिवराजन के मुख्य आतिथ्य एवम् वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) सुशील कामड़े, सहायक प्रबंधक (सीएसआर) विवेक मिश्रा एवम् श्रीमती रजनी रजक (सीएसआर) के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विद्यालय प्रमुख डॉ रेखा दिनेश पाण्डेय ने मुख्य अतिथियों का विधिवत बैज लगाकर एवम् पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया। डॉ रेखा दिनेश पाण्डेय सहायक प्रबंधक भिलाई इस्पात विकास विद्यालय सेक्टर 6 ने सभी गणमान्य अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। खेल कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मशाल प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरान्त विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा आर्कषक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने अग्नि, आकाश, पृथ्वी एवं त्रिशूल हाउस के परेड का निरीक्षण किया। कक्षा पहली के छात्राओं का मेढ़क दौड़, कक्षा दूसरी के छात्रों का आलू दौड़, कक्षा तीसरी के छात्राओं का लेमन स्पून दौड़, कक्षा चौथी के छात्राओं का बुक बैलेंसिंग, कक्षा 5वी के छात्रों का थ्री लेग्ड दौड़, कक्षा छठवीं के छात्रों का बोरा दौड़, कक्षा 7वीं के छात्रों का दौड़, कक्षा 8वीं के छात्रों का दौड़, कक्षा 8वी के छात्राओं द्वारा पुरूष साज-सज्जा दौड़ एवम् अन्त में कक्षा 8वी के छात्रों द्वारा महिला साज-सज्जा दौड़, आज के वार्षिक खेल महोत्सव के मुख्य आर्कषण रहे है। इस वर्ष छात्रों में बेस्ट एथलीट का पुरस्कार अरमान को एवम् छात्राओं की श्रेणी में बेस्ट एथलीट का पुरस्कार आस्था सोनी ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथी ने अपने आर्शीवचन में विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत, मार्च पास्ट ड्रिल सहित समस्त प्रतियोगिताओं की प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने किसी भी प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों को जीत का मंत्र बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में विजय पाने के लिए आप अपने लक्ष्य पर फोकस करें एवं लक्ष्य की ओर अग्रसर हो, इससे निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के खेलों का आयोजन समय-समय पर होना चाहिए। पिछले दो साल कोरोना काल में खेलों का आयोजन नहीं हो पाया लेकिन आगे आने वाले समय पर इस तरह के आयोजन नियमित अंतराल में होने चाहिए। उन्होंने सभी शिक्षकों के टीम वर्क की प्रशंसा करते हुए सफल आयोजन के लिए समस्त शाला परिवार को बधाई दी। संचालन राजेश कुमार गुप्ता ने एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती सजिता राजेश द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के एन गौड़, के गंजीर, सविता चौधरी दामिनी, दीप्ती, रीना, सुषमा, सरोज, साधना, सरला, रूचिका एवम् विवेक सहित समस्त शालेय परिवार का सक्रिय मार्गदर्शन एवम् सहयोग रहा है।

### शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए शक्ति जोन के अधिकारी एवं कर्मचारी



**भिलाई, 15 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शक्ति जोन विभाग में 10 दिसम्बर को आयोजित शिरोमणि पुरस्कार समारोह में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाली शिरोमणि एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस समारोह में अति उत्तम कार्य प्रदर्शन के लिए पी एंड बी एस विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक देवेन्द्र कुमार यादव को पाली शिरोमणि पुरस्कार एवं तरुण कुमार वर्मा, चार्जमेन कम वरिष्ठ तकनीशियन (पी एंड बी एस) अब्दुल गनी, चार्जमेन कम वरिष्ठ तकनीशियन (पी एंड बी एस) साहब दीन, वरिष्ठ तकनीशियन (पीईएम) एवं गौतम राव रामटेके, ऑपरेटर (बॉयलर) (पी एंड बी एस) को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजीव पांडे महाप्रबंधक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। महाप्रबंधक प्रभारी एच के साहू एवं विभिन्न अनुभाग के सभी अनुभाग प्रमुखों ने पुरस्कार विजेताओं के कार्यस्थल में योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों को सराहा।

### आस्था पाटकर को मिला आईसोक फेम व बेस्ट इनोवेटर ऑफ दि ईयर-2022 अवार्ड



**भिलाई, 15 दिसंबर।** इनोवेटिका स्कूल ऑफ कॉस्मेटिक्स मुंबई ने सौंदर्य प्रसाधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. आस्था पाटकर कोआईसोक फेम 2022 और बेस्ट इनोवेटर ऑफ दि ईयर 2022 अवार्ड दिया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. आस्था पाटकर ने क्लीनिकल कॉस्मेटिक प्रोडक्ट पर रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट कर बेहतर परिणाम देने वाले उत्पादन निर्माण तथा अब तक हाईलोरोनिक एसिड, नियासिनामाइड, रेडेंसिल जैसे विख्यात इंग्रेडिएंट्स का अपने उत्पादन में उपयोग करने के साथ-साथ विटामिन-बी3 जेल, चारकोल सोप और स्टेरॉयड फ्री व पैराबेन फ्री कॉस्मेटिक्स उत्पादन पर अधिकतक काम किया है। पूरे भारत की 30 हजार ब्रांड्स में से 85 ब्रांड के बीच हुई लगभग एक महिने की वोटिंग में आस्था को इस पुरस्कार के योग्य माना गया। उन्हें यह पुरस्कार विख्यात पत्रकार निशरीन पूणावाला ने 30 वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर यंगेस्टर रेकी मास्टर एण्ड क्रिस्टल हीलर डॉ. भूमिका गाला की विशेष उपस्थिति में दिया। इस अवसर पर इनोवेटिका स्कूल ऑफ कॉस्मेटिक्स की मैनेजिंग डायरेक्टर हर्षा शाह एवं चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर रूषभ शाह के अलावा सौंदर्य प्रसाधन के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद थे। वे हिन्दी के साहित्यकार-व्याख्याता डॉ. राजेन्द्र पाटकर, अंग्रेजी की व्याख्याता मीना पाटकर की पुत्री एवं आदर्श पाटकर की बहन हैं।

### गिरफ्तार



**भिलाई।** भिलाई खुर्सीपार पुलिस ने तड़के तीन बजे काम्बिंग गश्त कर -2 गिरफ्तारी व 6 स्थायी वारंटियों को पकड़ा खुर्सीपार टीआई वीरेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि लगातार फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है साथ ही क्षेत्र में रोजाना पेट्रोलिंग की जा रही है

### आयुक्त के निर्देश पर निगम का बड़ा एक्शन-निगम ने हटाया 40 साल पुराना कब्जा

**दुर्ग,15 दिसम्बर।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत इंदिरा मार्केट स्थित कब्जे की जमीन को हटाने जेसीबी लेकर हाईकोर्ट के आदेश पर निगम अमला इंदिरा मार्केट स्थित जमीन को तोडने पहुंची। गुरुवार आज दिनांक 15 दिसम्बर को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक एफए नंबर 50/2022 मो0 सूबेराती वि0 दुर्ग नगर पालिक निगम एवं अन्य के संबंध में पारित आदेश दिनाँक 23.11-22 के परिपालन में इंदिरा मार्केट ,इंदिरा प्रतिमा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के पीछे आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी के दिए गए निर्देश पर नगर निगम द्वारा बड़ा एक्शन लेते हुए आज सुबह 9,30 बजे नगर निगम ने अकरम स्टोव एन्ड लॉक हाउस को अधिकारियों ने पुलिस बल की मौजूदगी में हटाया गया। 40 साल पुराने कब्जे को नगर निगम ने खाली कराकरप्लाट नं. 13 को अपने कब्जे में लिया।अतिक्रमणकर्ता मो.सुबेराती द्वारा स्वंय अपने परिवार साथियो के साथ दुकान से समान बाहर निकलकर सुरक्षित रखा गया।कार्रवाही के दौरान नायाब तहसीलदार व नियुक्त मजिस्ट्रेट श्रीमती दुर्गा साहू, भवन अधिकारी गिरीश दीवान,स्वास्थ्य एवं बाजार अधिकारीजावेद अली,उपअभियंता विनोद मांझी,अतिक्रमण अधिकारी शिव शर्मा,सहायक बाजार अधिकारी,थानसिंह यादव,ईश्वर वर्मा,कोतवाली थाना टीआई एस एन सिंह,मोहन नगर टीआई विपिन रंगारी,नवीन यादव,मनीष अग्नित्री, महिला थाना टीआई सी तिर्की,सत्यनारायण शर्मा, शशिकांत यादव,भुवनदास साहू,,संकेत धर्माकर सहित दुर्ग थाना व मोहन नगर थाना पुलिस बल मौजूद रहें।

## यातायात पुलिस ने सड़कों पर शराब पीकर, लापरवाही से वाहन चलाने पर की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,15 दिसंबर।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह के द्वारा जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया गया है की सड़कों पर शराब पीकर, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालो पर उचित वैधानिक कार्यवाही करे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में लापरवाही पूर्वक वाहन चालकों के द्वारा वाहन चलाकर यातायात के नियमों का उल्लंघन कर अपने साथ-साथ औरों को भी दुर्घटनाग्रस्त कर चोट पहुंचाते हैं जिससे वाहन दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है, जिस पर अंकुश लगाना अत्यंत आवश्यक है। इसी तारतम्य में मंगलवार की रात्रि 9 बजे से रात्रि 12 बजे तक यातायात पुलिस द्वारा नगर पालिका के सामने सघन जांच किया गया। यातायात पुलिस द्वारा सड़कों पर शराब पीकर, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालो पर उचित वैधानिक



कार्यवाही किया गया और दुबारा सड़कों पर शराब पीकर, लापरवाही पूर्वक वाहन नहीं चलाने समझाइश दिया गया। यातायात पुलिस द्वारा यातायात के नियमों की पूर्ण जानकारी वाहन चालकों को दी गई। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक के द्वारा यह कार्यवाही लगातार जारी रखने सभी थाना, चौकी प्रभारियों को कहा गया है। कार्यवाही के दौरान यातायात प्रभारी महेश्वर सिंह, एएसआई इजराइल खान, चंद्रभूषण सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश गौतम, वैभव कलचुरी पीयूष मिश्रा, महेंद्र चंद्रवंशी का सराहनीय योगदान रहा।

#### यातायात के नियमो का पालन करना हमारा कर्तव्य है-एसपी डॉ. सिंह

पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ने जिलेवासियों को अपील करते हुवे कहा की हर व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में कहीं भी आने जाने के लिए सड़क का प्रयोग करता है। ज्यादातर दुर्घटना लोगों की लापरवाही के कारण, जल्दी पहुचने के चक्कर में और नशा पीकर वाहन चलाने के चक्कर में होते हैं। हमारी थोड़ी सी गलती हमें हमारा और सामने वाले से उसका जीवन छीन सकती है। सरकार ने लोगों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए यातायात के बहुत से नियम बनाए है और उन सबका पालन करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि कभी भी दुसरे से आगे निकलने की होड़ नहीं रखनी चाहिए क्योंकि दुर्घटना से देरी भली है।

## स्लम क्षेत्र में टैक्स वसूली के लिए आयुक्त ने ली बैठक



**रिसाली।** स्लम क्षेत्र से संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर और यूजर चार्ज लेने रिसाली निगम अभियान चला रहा है। आयुक्त आशीष देवांगन ने वसूली लक्ष्य को बढ़ाने संबंधित जनप्रतिनिधियों और निगम कर्मचारियों की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने हितग्राहियों को पहले शहर सरकार द्वारा दी जा रही छुट के फायदे बताने निर्देश दिए।आयुक्त ने कहा स्लम क्षेत्र में शामिल स्टेशन मरोदा, मौहारी मरोदा, नेवई बस्ती व भाठा समेत रूआबांधा के नागरिक अब तक टैक्स निर्धारण को लेकर अनजान है। केवल 5 से 10 प्रतिशत लोगों को टैक्स के बारे में जानकारी है। इसलिए पहले कर्मचारी वार्ड पार्षद के माध्यम से उस क्षेत्र में टैक्स जमा करने हितग्राहियों को प्रेरित करे। साथ ही साथ उन्हें इस बात की भी जानकारी दे कि निगम प्रशासन किस तरह स्लम क्षेत्र में रहने वालों को छूट दे रही है। टैक्स जमा नहीं करने पर उन्हें किस तरह से अधिभार के साथ राशि जमा करनी होगी। बैठक में एमआईसी चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, अनूप डे, ईश्वरी साहू, पार्षद चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, विनय नेताम समेत राजस्व प्रभारी संजय वर्मा, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार, निगम व स्पायरों के कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में यह बात सामने आई कि कुछ हितग्राही पहले टैक्स जमा कर चुके है। उनकी आईडी बनी है, किन्तु अन्य कारणों से वे विगत कुछ वर्ष से टैक्स जमा नहीं कर रहे है। आयुक्त ने ऐसे हितग्राहियों को छुट का लाभ दिए जाने का निर्देश देते हुए कर निर्धारण पुराना छोड़ नए सिरे से 2015 से करे। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में कई छोटी व बड़ी दुकाने संचालित है। संपत्ति कर जमा नहीं करने की वजह से नियमतः गुमास्ता नहीं बनाया गया है। आयुक्त ने ऐसी दुकानों को चिन्हित करने निर्देश दिए है। बाद में सूचीबद्ध व्यापारिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही से पहले आयुक्त ने व्यापारियों को नोटिस के माध्यम से कार्यवाही से बचने 1 सप्ताह की मोहलत भी दी है।

#### जनवरी से कटेगा नल कनेक्शन

आयुक्त ने स्पष्ट कहा है कि कुछ को छोड़ अधिकांश घरों में अमृत मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति की जा रही है। निगम कर्मचारी संपत्ति कर के साथ जलकर की वसूली कर रहे है। इसके बाद भी कई हितग्राही जलकर देने रूचि नहीं दिखा रहे है और न ही दी जा रही छूट का लाभ उठा रहे है। आयुक्त ने ऐसे लोगों की सूची तैयार कर जनवरी से कार्यवाही के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि जलकर 2021 से लिया जाना प्रस्तावित है।

## सिविक सेंटर स्थितअर्जुन रथ परिसर का होगा कायाकल्प



**भिलाई, 15 दिसंबर।** सिविक सेंटर स्थित अर्जुन रथ परिसर की तस्वीर शीघ्र बदलने वाली है, भव्य और आकर्षक रूप में अब अर्जुन रथ परिसर नजर आएगा और परिसर का कायाकल्प होगा। इसके लिए युद्ध स्तर पर विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है। आज कार्य का जायजा लेने के लिए महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त रोहित व्यास सिविक सेंटर पहुंचे और उन्होंने अर्जुन रथ परिसर में किए जा रहे विकास तथा सौंदर्यीकरण के कार्यों को देखा। उन्होंने उपस्थित अधिकारी व एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तेज गति से कार्य करें। इसके लिए संसाधन बढ़ाकर जो काम समानांतर किए जा सकते हैं उन्हें करते हुए शीघ्र कार्यों को पूर्ण करते चले। महापौर एवं आयुक्त ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया तथा किए जा रहे सभी कार्यों का उन्होंने बारीकी से अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही समीपस्थ ट्रैफिक पार्क का अवलोकन संयुक्त रूप से किया गया। अर्जुन रथ परिसर में महापौर निधि से स्वीकृत करोड़ों की लागत से विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। जिसके तहत पानी निकासी के लिए नाली निर्माण, सुरक्षा घेरा के लिए बाउंड्री वॉल, अर्जुन रथ का विकास एवं सौंदर्यीकरण, परिसर के भीतर चलने के लिए पाथवे का निर्माण एवं आकर्षक गार्डनिंग तथा लैंडस्कैपिंग, परिसर के बाहर भी पाथवे का निर्माण, आकर्षक तथा भव्य गेट के साथ ही विद्युतीकरण करते हुए प्रकाश की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। कार्य पूर्ण होने के बाद इसकी अलग भव्यता लोगों को नजर आने लगेगी। संयुक्त निरीक्षण के दौरान महापौर एवं आयुक्त ने अर्जुन रथ परिसर में होने वाले विकास तथा सौंदर्यीकरण के सभी कार्यों के लिए डेडलाइन फिक्स कर दिया है, ताकि शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण होकर लोगों को इसका लाभ मिलने लगे। उल्लेखनीय है कि विधायक देवेंद्र यादव की पहल पर सिविक सेंटर का कायाकल्प हो रहा है। बेहतरीन पार्किंग प्लेस बनाने के साथ ही, सिविक सेंटर के सभी एरिया में पेवर ब्लॉक लगाने का काम भी किया जाएगा। पार्किंग के लिए काफी कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कुछ समय बाद सिविक सेंटर पहुंचने वाले लोग इसका लाभ उठा सकेंगे इसके साथ ही सर्व सुविधा युक्त चौपाटी बनाने की कार्ययोजना भी शामिल है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त खिरोद्र भोई, प्र. कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, प्र. सहायक अभियंता वसीम खान, उप अभियंता श्वेता महेश्वर आदि मौजूद रहे।

## विधायक की पहल से होगा निर्माण कार्य, बच्चों को मिलेगा लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 दिसंबर।** बापू नगर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला का जीर्णोद्धार किया जाएगा। बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए स्वीकृत करवाएं थे। जिसके बाद 14 दिसंबर को महापौर भिलाई नीरज पाल द्वारा भूमि पूजन कार्य किया गया। 13 लाख की लागत से बापू नगर प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला का जीर्णोद्धार किया जाएगा। यहां बच्चों के बैठने के लिए अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण किया जाएगा। गौरतलब है कि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव समय-समय पर क्षेत्र के नागरिकों से भेंट मुलाकात करते हैं। मुलाकात के दौरान ही पिछले साल उन्होंने स्कूल के बच्चों और शिक्षकों से भी भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना था। तब शिक्षकों ने बच्चों को बैठने के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग रखी थी। भिलाई नगर विधायक ने शिक्षकों की मांग को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारी को प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया था। जिस प्रस्ताव को विधायक देवेंद्र यादव ने पिछले साल 19 मार्च 2021 को शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला बापूनगर के जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृति कराई थी। स्वीकृति के बाद आज भिलाई के महापौर नीरज पाल ने स्थानीय पार्षद व जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास कार्य का भूमि पूजन किया। विधि विधान से आयोजित इस भूमि पूजन कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में वार्डवासी भी उपस्थित रहे। महापौर नीरज पाल ने कहा कि अतिरिक्त कक्ष निर्माण से स्कूल के बच्चों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पार्षद दया सिंह, पार्षद सरिता देवी, संगीता बघेल, छाया पार्षद मंगल सिंह, शंकर राव, संगम यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

-नेहरू भवन वार्ड के विभिन्न स्थानों में नालियों का होगा निर्माण, महापौर नीरज पाल ने किया भूमि पूजन महापौर नीरज पाल ने नेहरू भवन वार्ड क्रमांक 17 के विभिन्न स्थानों में होने वाले नाली निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन कर कार्य को प्रारंभ कराया। 9 लाख 96 हजार की लागत से नाली निर्माण का कार्य होगा इसके लिए साहिल कंस्ट्रक्शन को कार्य आदेश जारी कर दिया गया है। महापौर ने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए समय पर नाली निर्माण कार्य को पूर्ण करें ताकि जलभराव की समस्या न हो। भूमि पूजन के दौरान एमआईसी मेंबर केशव चौबे, वार्ड पार्षद भोजराज सिन्हा व वार्डवासी मौजूद रहे।



### सरस्वती शिशु मंदिर की शिक्षिका को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**भिलाई, 15 दिसंबर।** महर्षि दयानंद सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय कैलाश नगर भिलाई की शिक्षिका श्रीमती विनीता सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिल्ली में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय दलित साहित्यकार सम्मलेन में वीरांगना सावित्रीबाई फुले फेलोशिप राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अकादमी के चेयरमैन डॉक्टर सोहनपाल समनाक्षर,पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.संगप्रिय गौतमएसत्यनारायण जाठीया चेयरमैन रेलवे बोर्ड भारत सरकार डॉ.नरेश चन्द्र रत्न एवं नेपाल युवराज भीष्म सिंह की उपस्थिति में प्रदान किया गया। दिल्ली के पंचशील आश्रम में आयोजित इस भव्य राष्ट्रीय सम्मलेन में देश-विदेश से हजारों की संख्या में साहित्यकार, कलाकार शिक्षक लेखक पत्रकार संपादक एवं समाजसेवी उपस्थित थे। शिक्षिका श्रीमती विनीता सिंह को मिले राष्ट्रीय सम्मान पर विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर,महर्षि दयानंद सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय कैलाश नगर भिलाई एवं सम्पूर्ण शिक्षक वर्ग ने अपनी ढेरों बधाईयां एवं शुभकामनाये प्रेषित की है।

## एक नजर

### विस अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रायपुर, 15 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत जी ने लौह पुरुष आजादी के प्रणेता सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर देश को समर्पित उनके कार्यों को याद करते हुए दी श्रद्धांजलि। डॉ. महंत ने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री थे। वे सरदार पटेल के उपनाम से प्रसिद्ध हैं। सरदार पटेल भारतीय बैरिस्टर और प्रसिद्ध राजनेता थे। भारत के स्वाधीनता संग्राम के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं में से वे एक थे। 1947 में भारत की आज़ादी के बाद पहले तीन वर्ष वे उप प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, सूचना मंत्री और राज्य मंत्री रहे थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद क़रीब पाँच सौ से भी ज़्यादा देसी रियासतों का एकीकरण एक सबसे बड़ी समस्या थी। कुशल कूटनीति और ज़रूरत पड़ने पर सैन्य हस्तक्षेप के जरिए सरदार पटेल ने उन अधिकांश रियासतों को तिरंगे के तले लाने में सफलता प्राप्त की। बता दें, सरदार पटेल जी को इन्ही सब उपलब्धि के चलते उन्हें लौह पुरुष या भारत का बिस्मार्क की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्हें मरणोपरांत वर्ष 1991 में भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया।

### थूहा मे मितानिनो का किया गया सम्मान

**अंवरी, 15 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** ग्राम पंचायत थूहा मे शनिवार को बुधवार को मितानिन दिवस मनाया गया,इस अवसर पर सरपंच,अनुसुइया रात्रे पंचगण एवं मितानिनों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने और शासकीय योजनाओं को गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित पहुचाकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ देकर इसके प्रति जागरूकता लाने वाली सभी महिलाओं को श्रीफल और साडियां बाटकर सम्मानित किया गया,साथ ही मितानिनों से अपील करते हुये कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिस अभियान की तरह बेहतर कार्य कर रही हैं वे आगे भी जारी रखने की अपील की। इस अवसर सभी मितानिन, हुनमंत श्याम भखारा तहसीलदार,स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर, सिस्टर, पटवारी सभी को सम्मानित किया गया 7

### रक्तदान शिविर एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ 20 दिसंबर को

**राजनांदगांव, 15 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** गायत्री प्रज्ञा पीठ छुरिया, गायत्री परिवार के तत्वाधान में 20 दिसंबर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजक, रक्तदान शिविर प्रभारी चित्रागन साहू ने बताया कि गायत्री प्रज्ञा पीठ छुरिया ( नगर पंचायत छुरिया) के 42 वे वार्षिक उत्सव के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ रखा गया है। जिसमें संरक्षक एम एल सोनबोईर, अध्यक्ष तुला राम साहू, रमेश सिन्हा उपाध्यक्ष, योगेंद्र वर्मा कोषाध्यक्ष, सुनील मंडलोई सचिव ,शंकर साहू, राजकुमार साहू, शिवनंदन सिन्हा, मदन नेताम, ह्रदय यादव, रूपलाल, सेन्दाम, हिरामन पडोती, चेतन साहू ,अशोक सलामे, नरेश चंद्रवंशी, राजकुमार निषाद, मनी साहू, सुखचंद जाता, अनिल कन्नौजे, चोवा साहू ,नूतन यादव, रमेश पड़ोती, दिनेश पड़ोती, परदेसी चंद्रवंशी, रोहित ऊइके,परस साहू ,धीरज टेकाम, बीरू पटेल, कामता साहू, चंदू साहू, कृष्णा साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यक्रम की तैयारियों में जुट गए हैं। उक्त जानकारी रुपेन्द्र साहू ने दी।

### पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन 6 जनवरी को रायपुर में

**रायपुर, 15 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का अखिल भारतीय अधिवेशन आगामी 5 व 6 जनवरी को पहली बार वी आई पी रोड स्थित निरंजन धर्मशाला रायपुर में आयोजित होने जा रहा है। इस अधिवेशन में आगामी 3 वर्षों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन होगा। इसके लिए राजस्थान प्रांत के बहादुर सिंह हाड़ा को बनाया गया। वर्तमान में केरल प्रांत से सी एच सुरेश राष्ट्रीय अध्यक्ष है। सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया आन लाइन प्रारम्भ हो चुका है। निर्वाचन केवल अध्यक्ष पद का होगा। जिसमें नामांकन 20 दिसम्बर तक होगा। 21 दिसम्बर को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। एक से अधिक नामांकन सही पाए जाने पर 6 जनवरी 22 को निरंजन धर्मशाला रायपुर में मतदान व परिणाम की घोषणा होगी। इस अधिवेशन में देश के 29 राज्यों से सेवानिवृत्त कर्मचारी( पेंशनर) प्रतिनिधियों का समागम होगा।

# सरकार की योजनाओं से रुका है पलायन: मुख्यमंत्री



**रायपुर, 15 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज महासमुंद जिले के खल्लारी विधानसभा के ग्राम-बगारपाली में भेंट मुलाकात में लोगों से संवाद के दौरान कहा कि भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान प्रदेशभर में लोगों ने उन्हें बताया है कि अब उन्हें रोजगार के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की वजह से पलायन रुका है।मुख्यमंत्री ने बताया की जांजगीर में एक मजदूर साथी ने बताया की गांव में गौठान खुलने से उन्हें रोजगार के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ी। आज बगारपाली में हेमलता ने बताया की पहले काम के लिए उसे पलायन करना पड़ता था। मगर अब गौठान में काम मिल रहा है। अभी सरायपाली में भी मुझे एक व्यक्ति ने ऐसा ही संस्मरण सुनाया था। जशपुर में भी पलायन में कमी आने की बात सामने आई थी। इससे यही समझ में आता है कि योजनाओं से लोगों की आर्थिक स्थिति सुधरी है। ये बहुत अच्छा संकेत है। मुख्यमंत्री ने योजनाओं से आ रहे सामाजिक परिवर्तन का कमेटी द्वारा अध्ययन कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है की आज लोगों को काम के लिए बाहर नहीं जाना पड़ रहा। भूमिहीन मजदूरों को भी हम 7 हजार रुपए दे रहे हैं। ये भी भूमिहीन श्रमिकों के लिए एक बड़ा सहारा बना है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक ब्लॉक में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना कर रही है, जिसके लिए शासकीय भूमि और दो करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में सुगमता से पहुंच के लिए अप्रोच रोड भी बनाएंगे और आधे दर बिजली की उपलब्धता भी की जाएगी ताकि गांव के बच्चों को भी स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके।

रूरल इंडस्ट्रियल पार्क से पलायन रुकेगा, देश में ऐसी योजना कहीं और नहीं है। मुख्यमंत्री ने नौजवानों को इस योजना का हिस्सा बनकर आर्थिक रूप से सशक्त होने की बात कही। मुख्यमंत्री ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी लेने और क्षेत्रवासियों से मिलने आए हैं। उन्होंने नरवा योजना की जानकारी देते हुए बताया कि बड़े सिंचाई प्रोजेक्ट में किसानों के खेत डूब जाते हैं, इसलिए हम छोटे-छोटे स्ट्रक्चर बना रहे हैं। जिसके जरिए पानी रोकते हैं। इससे सतह पर पानी मिल जाता है, साथ ही जल स्तर बढ़ता है। पानी रोकने से जमीन में नमी बनी रहती है। आज जरूरी है कि सभी नरवा में पानी रोका जाए ताकि किसान के साथ पशु-पक्षी को पीने के लिए पानी मिले। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गोबर के साथ गोमूत्र की भी खरीदी कर रही है। हम गौमाता की सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने किसानों से पैरादान करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा के लिए चारा की भी आवश्यकता होगी इसलिए आप सभी पैरादान जरूर करें। **भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में श्रीमती हेमलता ने मुख्यमंत्री को बताया कि गौठान बनने से रोजगार के अवसर बढ़े हैं।**

# शुल्क पर सीधे भवन अनुज्ञा को जिले में मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

**राजनांदगांव,15 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप शासन द्वारा बिना किसी कठिनाई के आम नागरिकों को व्यवहारिक, सरल एवं पारदर्शी तौर पर सीधे लाभ पहुंचाने के लिए सरलीकृत ऑनलाइन प्रक्रिया अंतर्गत बिल्डिंग परमिशन मैनेजमेंट सिस्टम सर्वर पर 5000 वर्गफुट तक आवासीय भवनों में मात्र एक रूपए प्रक्रिया शुल्क पर डायरेक्ट भवन अनुज्ञा जारी की जा रही है। शासन की इस योजना को जिले में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। सरलीकृत ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत अब तक नगर निगम द्वारा 606 आवेदकों को योजना का शत-प्रतिशत लाभ पहुँचाया गया है।

इस योजना अंतर्गत नगर निगम के माध्यम से पंजीकृत आर्किटेक्ट तथा इंजीनियर के माध्यम से भू स्वामी द्वारा आवेदन अपलोड करने पर सिस्टम द्वारा स्वतः ही परीक्षण उपरांत भूमि विकास नियम एवं एवं भू सम्बन्धी नियम संबंधी स्वचालित ले-आउट प्लान स्क्रीनिंग उपरांत प्रक्रिया शुल्क अदा करने पर सीधे नियमानुसार सशर्त भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र जारी हो जाता है। जिससे हितग्राही को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होती है। ऐसे प्रकरणों में स्थल निरीक्षण किया जाता है। जिनमें दस्तावेज एवं आवेदक द्वारा दी गयी जानकारी में असमानता होती है। विकास अनुज्ञा स्वीकृत होने उपरांत कर्मकार शुल्क एवं निगम अन्य शुल्क जिनमें अनुज्ञा, नगर सुधार, जल कर, रेन वाटर एवं विकास शुल्क ऑनलाइन जमा करने उपरांत अंतिम रूप से भवन अनुज्ञा की मंजूरी दी जाती है।

योजना के क्रियान्वयन के संबंध में नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि इस प्रक्रिया से आम नागरिकों को निगम कार्यालय के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं होगी। स्थल निरीक्षण एवं शुल्क अदायगी में लगने वाले समय की बचत के चलते भवन अनुज्ञा में लगने वाले 30 दिवस का समय कम होकर त्वरित ही आवेदक को फायदा हो रहा है। सरल एवं पारदर्शी भवन अनुज्ञा का लाभ आवेदक को घर बैठे ही प्राप्त हो रहा है। जिससे आम नागरिकों में संतोष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा अब तक 606 आवेदकों को योजना के तहत एक रूपए प्रक्रिया शुल्क पर सीधे भवन अनुज्ञा जारी किया गया है।

डायरेक्ट भवन अनुज्ञा योजना के हितग्राही श्री जेठानंद मंगवानी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि खंडेलवाल कालोनी में मकान बनाने आवेदन करते ही एक रूपए शुल्क जमा कर भवन अनुज्ञा प्राप्त हो गया। जिसके चलते तत्काल बैंक से होम लोन की प्रक्रिया पूरी हुई और मैंने निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया। आज मेरा भवन छज्जा लेवल तक पूर्ण हो चुका है। मात्र 2 महीने में इस स्तर तक कार्य पहुँच गया। इसी प्रकार श्रीमती आशा सारथी ने बताया कि कौरिनभाठा सांई दर्शन कालोनी में मकान बनाने एक रूपए शुल्क में भवन अनुज्ञा के लिये आवेदन प्रस्तुत गया था। आवेदन करते ही अनुज्ञा प्राप्त हुई। जिससे मकान निर्माण प्रारंभ किया। मकान छज्जा लेबल तक पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि जहां पर पूर्व की प्रक्रिया में केवल अनुज्ञा लेने में ही 2 महीने से अधिक समय लग जाता था। वो अब 2 माह में आधा मकान बन गया, जिससे हमारे समय और राशि दोनों की बचत हुई। उन्होंने कहा कि हमारा यह भवन निर्माण बिना किसी शासकीय प्रक्रिया के अवरोध के प्रगति पर है। जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कांग्रेस नेता की सरेआम हत्या राज्य में जंगल राज का प्रमाण: कौशिक

**रायपुर ,15 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिलासपुर में कांग्रेस नेता व जिला महासचिव संजू त्रिपाठी की हत्या की घोर निंदा करते हुए कहा है कि कांग्रेस गौरव दिवस मना रही है और उसके नेताओं की हत्या हो रही है। यह कैसा गौरव है? यह कांग्रेस का राज है या गुंडाराज है?

श्री कौशिक ने कहा कि कांग्रेस नेता पर फिल्मी अंदाज में गोलियों की बौछार कर सरेआम हत्या कांग्रेस के जंगल राज का प्रमाण है। जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में अपराधी बेखौफ होकर जघन्य अपराध कर रहे हैं। राह चलते गोलीबारी कर लोगों को उड़ाया जा रहा है, उससे स्पष्ट है कि यहां सरकार जैसी कोई संस्था रह ही नहीं गई है। सरकार के नाम पर एक ऐसा ढांचा खड़ा है, जिसमें चेतना, शक्ति और संवेदना नहीं है।छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है और राज्य में गुंडाराज कायम हो गया है। सत्ताधारी पार्टी के पदाधिकारी को सरेआम गोली मारकर मौत के घाट उतार दिए जाने की हिम्मत अपराधी तत्व कर सकते हैं तो आम जनता की सुरक्षा की गारंटी कौन दे सकता है। बिलासपुर में इसके पहले सराफा कारोबारी पर दुकान में घुसकर गोली चलाई गई। मुख्यमंत्री के क्षेत्र दुर्ग जिले के अमलेश्वर में सराफा कारोबारी पर दनादन गोलियां चला कर उसकी हत्या और लूट की गई। वारदात के वक्त मुख्यमंत्री उसी इलाके में अपना सम्मान कराकर गौरव प्राप्त कर रहे थे। क्या छत्तीसगढ़ में यही गौरव भूपेश बघेल सरकार मनाना चाहती है? पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि राजधानी से लेकर न्यायधानी तक जंगलराज चल रहा है। पूरे प्रदेश में लोगों की हत्या हो रही है।सामूहिक नरसंहार हो रहे हैं। बलात्कार हो रहे हैं। सामूहिक बलात्कार हो रहे हैं। अपहरण हो रहे हैं, लूट हो रही है, डाके डल रहे हैं और यहां तक कि सरकारी खजाने तक को लूटा जा रहा है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ को अपराधी तत्वों के हवाले कर दिया है। पूरे प्रदेश में कहीं भी कोई भी सुरक्षित नहीं है। छत्तीसगढ़ में कानून का राज नहीं, बल्कि माफियाओं का राज चल रहा है।

### 'इसुजु आई-केयर विंटर कैम्प'16 से

**रायपुर,15 दिसंबर।** सबसे बेहतर सर्विस और स्वामित्व का अनुभव देने की इसुजु की प्रतिबद्धता को पुष्ट करने के अपने प्रयास में, इसुजु मोटर्स इंडिया पूरे देश में 'इसुजु आई-केयर विंटर कैम्प चलाएगा। यह कैम्प कंपनी की इसुजु डी-मैक्स पिक-अप्स और एसयूवी रेंज के लिये है। इस सर्विस कैम्प का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतरीन लाभ और देशभर में इस मौसम में परेशानी-मुक्त ड्राइविंग का अनुभव प्रदान करने के लिये प्रीवेंटिव मेंटेनेंस चेक्स प्रदान करना है। 16 दिसंबर से 31 दिसंबर,2022 (दोनों दिन शामिल) के बीच, इसुजु केयर की एक पहल, विंटर कैम्प का इंतजाम इसुजु के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर किया जायेगा।

# कलिंगा विवि ने चलाया मेरी भाषा,मेरा हस्ताक्षर अभियान

**रायपुर ,15 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर 101-150 के बैंड में एनआईआरएफ रैंकिंग 2022 के साथ नैक ग्रेड क्ष्+ से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय है और यह वास्तव में मध्य भारत में उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में उभरा है। कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर एक प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान है जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान पर केंद्रित है। कलिंगा विश्वविद्यालय ज्ञान सृजन के लिए शिक्षण, नवाचार अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है और छात्रों को उन्नत और एकीकृत प्रशिक्षण भी प्रदान करता है।

कलिंगा विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव- 2022 को मनाने के दौरान 12.12.2022 को मेरी भाषा, मेरा हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी भाषा में हस्ताक्षर करके बढचढ कर हिस्सा लिया। विदित हो कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार महाकवि सुब्रह्मण्य भारती के जन्म जयंती के अवसर पर भारतवर्ष के समस्त महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में भाषायी संप्रभुता विकसित करने के उद्देश्य से भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलिंगा विश्वविद्यालय के द्वारा %मेरी भाषा, मेरा हस्ताक्षर% अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें कलिंगा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत देश-विदेश के अनेक विद्यार्थियों ने अपनी भाषा में हस्ताक्षर करके इस आयोजन को सफल बनाया।

# प्रधानमंत्री आवास नहीं मिलना गरीबों के अधिकारों पर कुठाराघात:भाजपा

**नगरी/मगरलोड ,15 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**



राज्य सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री आवास पर रोक लगाने से गरीब परिवारों को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया है इस जन समस्या को जन मानस तक पहुँचाने एवं जन आंदोलन का रूप देने के लिए भाजपा मंडल मगरलोड के शक्ति केंद्र अमलीडीह के बुथ कुल्हाड़ीकोट में भाजपा मंडल मगरलोड का बैठक रखा गया, इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष श्री ठाकुर शशि पवार जी, राष्ट्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा एवं पूर्व विधायक श्रीमति पिंकी शिवराज शाह जी, भारतीय जनता पार्टी के जिला के मंत्री एवं मंडल प्रभारी श्री राजेंद्र गोलछा जी, मंडल अध्यक्ष श्री विजय यदु जी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री नरेश सिन्हा जी, जिला पंचायत सदस्य खुबलाल ध्रुव , विशेष रुप से बैठक में उपस्थित रहे इस दौरान भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के संबंध में कार्य योजना तैयार की गई इस दौरान पंचायत स्तर पर प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त कर कार्यक्रम को सफल बनाने की योजना बनाई गई,इसके साथ ही प्रत्येक पंचायत में वक्ता के रूप में वरिष्ठ पदाधिकारियों को भेजे जाने का निर्णय लिया गया।जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने प्रदेश सरकार के विफलताओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार के गलत नीतियों के चलते गरीबों को आवास नहीं मिल पा रहा है ऐसे सरकार को आने वाले विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकना है। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकरणी सदस्य भीखम सेन, पार्षद नरेश अग्रवाल, मंडल उपाध्यक्ष खिलेश साहू , चित्रसेन प्रजापति,किसान मोर्चा अध्यक्ष श्री हिरंजय साहू ,मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष टिकम साहू, सांसद प्रतिनिधि भवानी यादव,मन की बात संयोजक जीवराखन साहू , अशोक साहू, जनपद सदस्य हीरामन ध्रुव, मीडिया प्रभारी देवराज देवांगन , महिला मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य नंदनी सिन्हा , जिला कार्यसमिति सदस्य राधा साहू , नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष दुर्गा साहू, पार्षद झमित सिन्हा, मंडल के मंत्री कविता यादव,शांति देवांगन , उर्वशी साहू, भारदा सरपंच गेंदा बाई , भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बसंत साहू,भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष मुरली सिन्हा मंडल ,नेमु निषाद, महामंत्री टीकेश्व , मंत्री नोकेश्व ध्रुव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष शशिकांत ध्रुव,गुलशन साहू कार्यालय प्रभारी, भूपेंद् साहू, गुलशन साहू, तामेश्व साहू, कोमल दीवान, अस्वनी सिन्हा, मनोहर सिन्ह संतराम सिन्हा, बी आर. नाग,आदि जेस्ट एवं श्रेष्ठ कार्यकरता उपस्थित रहे

## समाचार संक्षेप

### बिलासपुर में हत्या की घटना निंदनीर्य दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी : कांग्रेस

**रायपुर, 15 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** कांग्रेस ने बिलासपुर में गोली बारी की घटना तथा उसमें एक व्यक्ति की मौत की कांग्रेस ने दुख व्यक्त करते हुए कड़ी निंदा किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि बिलासपुर में गोलीबारी हत्या की घटना निंदनीय अस्वीकार्य दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होगी। भाजपा आपराधिक घटना पर राजनीति मत करें। मृतक कांग्रेस का पदाधिकारी नहीं था। सरकार ने पुलिस को अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने तथा इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होने के निर्देश दिये है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि सभ्य समाज में एक भी अपराधिक घटना अस्वीकार्य है। कांग्रेस सरकार अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण के लिये काम कर रही है। भाजपा द्वारा घटना विशेष के आधार पर पूरे राज्य के कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करना गलत है। जब राज्य में भाजपा की सरकार थी तब की अपेक्षा राज्य में अपराधों में कमी आई है। राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के नागरिकों विशेष कर महिलाओं को भय मुक्त जीवन जीने का वातावरण देने को प्राथमिकता में रखा। यही कारण है कि राज्य में अपराधों और महिला अत्याचार की घटनाओं में कमी आयी। सरकार की कानून व्यवस्था के प्रति मुस्तैदी का ही परिणाम है कि राज्य में नक्सल जैसे घटनाओं में भी कमी आयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि वर्तमान सरकार में प्रशासनिक सक्रियता और प्रतिबंधात्मक कार्यवाही तेजी से बढ़ी है जिसके चलते ना केवल अपराधों में नियंत्रण हो रहा है, बल्कि अपराधी भी पकड़े जा रहे हैं। प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने पहले दिन ही स्पष्ट संदेश दिया कि कोई भी व्यक्ति संविधान और कानून से ऊपर नहीं है और अपनी कार्यवाहीयों से इस तथ्य को प्रमाणित भी किया है। कोई भी आरोपी, कोई भी अपराधी, कोई भी षड्यंत्रकारी कानून और संविधान के दायरे से बाहर नहीं है।




### होटल संचालक विनय भार्गव के विरुद्ध तेलीबांधा थाना में एफआईआर दर्ज

**रायपुर , 15 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 10 एवं मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता द्वारा यातायात पुलिस प्रशासन बल के साथ मिलकर विगत दिवस नगर निगम जोन 10 के तहत आने वाले फुण्डहर चैक पर यातायात व्यवस्था बाधित होने पर समस्या दूर कर जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिको को सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जोन 10 जोन कमिश्नर श्री दिनेश कोसरिया के नेतृत्व एवं जनहितकारी अभियान चलाया गया। इसके पूर्व विगत 5 मई, 18 अक्टूबर, 8 दिसम्बर 2022 को नगर निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग द्वारा होटल ग्वाला के संचालक को पत्र भेजकर फुण्डहर चैक रायपुर की पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त करने कहा गया था, किंतु होटल संचालक द्वारा पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त नहीं की गई। जिसके चलते फुण्डहर चैक पर निरंतर यातायात व्यवस्था बाधित होकर चैक में यातायात जाम लगने एवं दुर्घटना घटित होने की स्थिति बने रहने की समस्या दूर करने नगर निगम नगर निवेश विभाग एवं जोन 10 द्वारा अभियान चलाया गया तो संबंधित ग्वाला होटल के संचालक श्री विनय भार्गव ने होटल सीलबंद करने की कार्यवाही के दौरान ड्यूटी पर कार्यरत निगम अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए अपने स्वयं के ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगाने की कोशिश करते हुए शासकीय कार्य में बाधा पहुंचायी गयी एवं उपस्थित लोगो को नगर निगम प्रशासन के विरूद्ध उकसाने का प्रयास किया गया। साथ ही शासकीय कार्य करने वाले कर्मचारी एवं अधिकारियों को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई। नगर निगम जोन 10 के जोन कमिश्नर श्री दिनेश कोसरिया को निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी ने शासकीय कार्य में बाधा कार्यवाही के दौरान डालने वाले संबंधित फुण्डहर चैक के ग्वाला होटल के संचालक विनय भार्गव के विरूद्ध नियमानुसार प्रक्रिया के तहत कानूनी कार्यवाही करने संबंधित पुलिस थाना में नामजद एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिये।

### कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों से जुड़ कर बेहतर संबंध बनाने का प्रयास

**राजनांदगांव, 15 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशन में एसडीओपी डांगरगढ़ प्रभात पटेल के नेतृत्वा में आज दिनांक 14.12.2022 को थाना



डोंगरगढ़ में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया जिसमें डोंगरगढ़ अनुविभाग के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के खिलाड़ियां ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। उद्घाटन मैच खरखाटोला और बछेराभांठा के मध्य खेला गया जिसमें बछेरा भांठा की टीम 45/12 से जीत हुई। कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत् कबड्डी खेलने आये हुये खिलाड़ियों का पुलिस कप्तान प्रफुल ठाकुर द्वारा खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनके मनोबल बढ़ाया गया। इस दौरान एसडीओपी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल, थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सुरेन्द्र स्वर्णकार एवं थाना स्टाफ व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### सामाजिक समरसता कायम करने भारत जोड़ो यात्रा जरूरी : कुलबीर छाबड़ा

**राजनांदगांव , 15 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** देश प्रेम की गीतों की धून व वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उत्साहपूर्ण मौजूदगी में 14 दिसंबर बुधवार को दक्षिण ब्लॉक के वार्ड 41 के झूलेलाल मंदिर परिसर से भारत जोड़ो यात्रा निकली जो वार्ड 42, 43 व 46 में भ्रमण करते हुए धार्मिक स्थलों में देश-प्रदेश व संस्कारधानी की खुशहाली की कामना को लेकर श्रीफल चढ़ाते हुए वरिष्ठजनों व महिला समूहों का सम्मान करते हुए संपन्न हुई। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेशानुसार एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अरूण सिसोदिया के मार्गदर्शन व राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी व शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत दक्षिण ब्लॉक के वार्ड वार्ड 41 के झूलेलाल मंदिर में मत्था टेककर यात्रा का विधिवत शुभारंभ हुआ। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान जटावाला भोलेबाबा मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर में पूजा की गई। इसके बाद यात्रा महिला आरोग्य समिति की केकती साहू व मां शारदा स्व सहायता समूह महिलाओं का सम्मान किया गया। तत्पश्चात यात्रा इंदिरा नगर की ओर रवाना हुई जहां पर भागवत कथा का पाठ किया जा रहा है। वहां यात्रा द्वारा श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना की गई। महामंत्री चंद्रवंशी ने जानकारी दी कि इसके बाद बसंतपुर के बोलबम शिव मंदिर, भैरव बाबा मंदिर में पूजा अर्चना संपन्न हुई।

संपादकीय

# पुरानी पेंशन योजना पर खींचतान

छत्तीसगढ़ सरकार व केंद्र सरकार के बीच पुरानी पेंशन योजना को लेकर खींचतान जारी है। लोकसभा में असुद्दीन ओवैशी के सवाल के जवाब में केंद्रीय वित्त मंत्री भागवत कराड ने बताया है कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ व झारखंड की सरकार ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली की अधिसूचना जारी कर केंद्र सरकार को इस बात की जानकारी दी है। इसी के साथ इन तीनों राज्यों ने नवीन पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों व राज्य सरकार के अंशदान पेंशन विनियामक विकास प्राधिकरण में जमा राशि लौटाने का प्रस्ताव दिया है। पीएफआरडीए ने राज्य सरकारों को बता दिया है कि इससे संबंधित कानूनों और नियमों में इस राशि को राज्य सरकारों को लौटाने को कोई प्रावधान नहीं है। साथ ही केंद्रे सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि केंद्र सरकार का पुरानी पेंशन योजना बहाली का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। यानी केंद्र सरकार ने राजस्थान, छत्तीसगढ़ व झारखंड की सरकारों को यह साफ कर दिया है कि वह जो पैसा केंद्र से मांग रहे हैं, वह उन्हें मिलनेवाला नहीं है। न ही केंद्र सरकार उनके दबाव में आने वाली है। सवाल उठना स्वाभाविक है कि पुरानी पेंशन योजना को तीन ही सरकारों ने अपने राज्यों में क्यों लागू किया है। जब एक बार देश के सभी राज्यों में नई पेंशन योजना लागू कर दी गई थी, तब किसी राज्य सरकार ने इसका विरोध नहीं किया था। खुद कांग्रेस जो आज पुरानी पेंशन के पक्ष में हैं, उसके नेता मनमोहन सिंह, पी.चिदंबरम आर्द नेताओं ने नई पेशन योजना को देश व राज्यों के हित में बताया था। नई पेंशन योजना इतनी ही खराब होती तो मनमोहन सिंह के दस साल के कार्यकाल में कांग्रेस ने इसे सभी राज्यों में बंद कर पुरानी पेंशन योजना लागू कर दी होती। पुरान पेंशन योजना देश व राज्य हित में नहीं होने के कारण ही मनमोहन सरकार ने नई पेंशन योजना को लागू रहने दिया। पुरानी पेंशन योजना व नई पेंशन योजना में सबसे बड़ा फर्क यह है कि पुरानी पेंशन योजना यदि लागू की जाती है तो इससे भविष्य में देश व राज्यों पर इतना वित्तीय बोझ पड़ेगा कि केंद्र व राज्य सरकार्अपने कर्मचारियों को पेंशन तक नहीं दे सकेंगी। नई पेंशन योजना का फायदा यह है कि इससे आने वाले बरसों में पेंशन नियमित दी जा सकेगी। नई पेंशन योजना से राज्य व केंद्र सरकार पर इतना ही बोझ पड़ेगा कि वह उसे आसानी से उठा सकेगी। समस्या यह है कि देश में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर होने के साथ ही लोग अब ज्यादा समय तक जिंदा रहते हैं, इससे पेंशनरों की संख्या हर साल बढ़ती जाती है। सरकार पर हर साल पेंशन का बोझ बढ़ता जाता है। सरकार नई पेंशन योजना के जरिए वित्तीय बोझ को कम करना चाहती है और पेंशन लंबे समय तक पेंशनरों को देना चाहती है । सवाल उठता है कि जब नई पेंशन योजना अच्छी है तो तीन राज्य सरकारों ने पुरानी पेंशन योजना अपने राज्यों में क्यों लागू की। तीनों राज्य सरकारों को राज्य के आर्थिक हितों से अपना राजनीतिक हित ज्यादा अहम लगा इसलिए अपने राजनीतिक हितों को साधन के लिए पुरानी पेंशन योजना लाग कीू है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज का दिन आपकी अपेक्षाओं के अनुसार रहेगा। सामाजिक एवं पारिवारिक क्षेत्र पर आज आप भाग्यशाली माने जाएंगे। आपके अधिकांश कार्य सरलता से बनते चले जाएंगे। जायदाद सम्बंधित कार्यो को आज करना शुभ रहेगा। सरकार की तरफ से लाभदायक समाचार मिल सकता है। विदेश सम्बंधित कार्यो में भी सफलता सुनिश्चित रहेगी। धार्मिक क्षेत्र पर योगदान के लिए सम्मानित किए जाएंगे। परिवार में भी आज आपको विशेष स्नेह एव सुविधा व आशीर्वाद मिलेगा। छोटी पार्टी का आयोजन होगा। स्वास्थ्य भी उत्तम रहेगा। धन लाभ में थोड़ा विलम्ब हो सकता है।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**-आपका आज का दिन सामान्य रहेगा। परिजनों का सहयोग मिलेगा। संबंधो में मधुरता लाने का प्रयास करें। गलतफहमियां आज परेशान कर सकती है। कार्य क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धा अधिक रहने से अधिक ध्यान देना पड़ेगा। आपके हिस्से का लाभ किसी अन्य व्यक्ति को न लेने दें। संभावित अनुबंध निरस्त होने से मन भारी रहेगा चिंता न करें। लंबी यात्रा की योजना स्थगित करनी पड़ सकती है। पारिवारिक खर्च पर ध्यान दें। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज का दिन आपको मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में शारीरिक रूप से असमर्थ रहेंगे आलस्य अधिक रहने से उत्साह की कमी रहेगी। परिवार का वातावरण असहज रह सकता है। परन्तु मध्यान तक स्थिति सुधरने लगेगी अपना उत्तरदायित्व समझेंगे किसी विशिष्ट व्यक्ति के मार्गदर्शन से कार्य क्षेत्र पर लाभ के अनुबंध मिलेंगे। सेहत भी धीरे-धीरे सामान्य हो जायेगी। सहकर्मियों का साथ मिलने से कार्य निश्चित अवधि में पूर्ण कर लेंगे। संध्या के समय धन लाभ होगा मनोरंजन पर खर्च भी रहेगा।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज का दिन आनंददायक रहेगा। आज आप लगभग प्रत्येक क्षेत्र पर सफल रहेंगे। सफलता के पीछे परिजनों का भी विशेष योगदान रहेगा फिर भी आज स्वार्थ की मनोवृत्ति अधिक रहने से किसी का अहसान नहीं मानेंगे। महिला मित्रो से ज्यादा नजदीकी के कारण समाज में निंदा हो सकती है। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन बेहतर सिद्ध होगा। व्यापारियों के लिए आज का दिन कुछ ख़ास करेगा। मनोरंजन के साथ-साथ तामसी वृतियो में वृद्धि होगी। घर का वातावरण सामान्यतः शांत ही रहेगा फिर भी रंग में भंग ना पड़े इसका ध्यान रखे।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज के दिन आपके लिए विशेष रहेगा। धन को लेकर चिंता न करें बल्कि धन सम्बंधित मामलो को प्राथमिकता से निपटाएं अन्य सब सही होगा। कार्य व्यवसाय में धन लाभ होते होते आगे के लिए टलेगा। किसी विशेष खुशी का आयोजन होगा जिससे परिवार में खुशी का माहौल होगा व भरपूर सहयोग मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र पर स्वयं को बड़ा दिखाना आप जैसे बुद्धि जीवी का काम नहीं। परिजनों के साथ बाहर का भोजन खाएंगे। सेहत बढिया रहेगी।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से बेहतर अनुभव करेंगे। दिन के आरम्भ में किसी इच्छित कार्य के बनने से मन में उत्साह बढेगा। व्यवहार में भी मधुरता रहने से आसानी से अपने कार्य निकाल सकेंगे। घर में अथवा कार्य क्षेत्र पर बड़बोलापन व्यर्थ की समस्या खड़ी ना करे इसलिए सोच समझ कर ही अपनी बात रखे अथवा मौन ही रहें। सरकारी अथवा पुरानी योजनाओं में धन फंस सकता है। लेन देन करते समय सावधानी रखें। परिवार में आपसी मतभेद न आने दें।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज के दिन आपको संयमित व्यवहार करने की सलाह है। स्वाभाव में उग्रता रहने सही नहीं होती ध्यान रहे। आपके कार्य करने का तरीका किसी अन्य के लिए मुसीबत खड़ी कर सकता है। बिना बात बोलने अथवा सलाह देना उचित नहीं। धन आवश्यकता के समय नहीं मिलने पर निराशा होगी। भाग-दौड़ करने के बाद किसी से अल्प मात्रा में मदद मिल जायेगी। परिजनों के विपरीत व्यवहार की अनदेखी करना ही बेहतर रहेगा। आध्यात्म से जुड़े शांति मिलेगी।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज के दिन कार्य क्षेत्र के साथ साथ घरेलु कार्य अधिक रहने से व्यस्तता बढ़ेगी। दोपहर का समय धन लाभ के अवसर भी मिलेंगे परन्तु आशा के अनुसार सफलता नहीं मिल पाएगी। घर में सजावट एवं बदलाव लाने के लिए समय एवं धन खर्च हो सकता है। सन्तानो की जिद के चलते थोड़े असहज रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धा कम रहने का पूरा लाभ मिल सकेगा। प्रतिष्ठा को लेकर आज आप अधिक संवेदनशील रहेंगे। अविवाहितो को विवाह के प्रस्ताव मिलेंगे। नौकरी पेशा जातको को थोड़ी परेशानी रहेगी। संध्या का समय एकांत वास में बिताना पसंद करेंगे।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। व्यापार अथवा नौकरी करने वाले जातक आज परिश्रम के बाद ही कार्य में सफलता पा सकेंगे। उच्चाधिकारी से किसी बात पर मतभेद रह सकता है। आज इनसे बचकर रहने का प्रयास करें। कार्य क्षेत्र पर सहकर्मियों का पूर्ण सहयोग मिलने से थोड़ी राहत अनुभव होगी। परिवार में पत्नी अथवा पुत्रादि को समय और प्यार दें। खर्च अधिक रहेगा। आज आर्थिक मामलों में ढील ना दें अन्यथा आगे परेशानी हो सकती है। गैस कब्जादि के कारण परेशानी होने की संभावना है।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज आपके मन के विचार थोड़ी-थोड़ी देर में बदलते रहेंगे जिससे कोई भी ठोस निर्णय लेने में दिक्कत आएगी। परन्तु फिर भी आज आपका ध्यान सुख के साधनों की हर हाल में वृद्धि करने में रहेगा। अनैतिक साधनो से लाभ पाने के प्रलोभन भी मिल सकते है परन्तु इनसे बच कर रहे भविष्य की हानि से भी बचेंगे। लाभ के कई अवसर मिलेंगे परन्तु अनिर्णय की स्थिति के कारण इनका पूर्ण लाभ नहीं ले पाएंगे। अधिकांश कार्य आगे के लिए टलेंगे। सामाजिक क्षेत्र पर आपकी छवि धनवानों जैसी रहेगी फिर भी आडंबर से दूर रहें।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज का दिन सामान्य रहेगा। आज के दिन आप अपने ही गैरजिम्मेदार व्यवहार से बचें। कार्यो में लापरवाही भी अधिक न करें। हर कार्य में शक करने के कारण परिवार अथवा कार्य क्षेत्र पर सौहार्द पूर्ण रहें। व्यवसाय आशा के अनुकूल रहेगा। धन लाभ आज परिश्रम ही हो पायेगा। किसी दूर रहने वाले रिश्तेदार से समाचार मिल सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आज घर एवं सामाजिक क्षेत्र पर आपके विचारों को पसंद किया जाएगा। अनजान लोग भी आपकी बातों से प्रभावित होंगे नए मित्र एवं जनसंपर्क बनेंगे। सेहत भी आज अच्छी रहेगी। कार्य क्षेत्र पर अपने बल पर कार्य करेंगे। धार्मिक कार्यो में रूचि बढेगी। आज किसी से मदद अथवा शिफारिश नहीं लेंगे। पुराने रुके हुए कार्यों में आश्चर्यजनक रूप से गति आएगी। धन लाभ भी आकस्मिक ही होगा। बीच-बीच में मनोरंजन के अवसर मिलने से मन हल्का रहेगा। परिजन सहयोग करेंगे।

# महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी में बाधाएं

चर्चित समस्या

प्रियंका सौरभ



जबकि शिक्षा और पोषण में लैंगिक अंतर समय के साथ कम हो रहा है, श्रम बाजार में महिलाओं की वंचित स्थिति बहुत स्पष्ट है। भारत में महिला श्रम बल की भागीदारी केवल 25त्र है जबकि वैश्विक औसत 60त्र है, विश्व शक्ति बनने के लिए, हम महिलाओं को सेवा से बाहर होने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। आर्थिक कारकों के ऊपर और ऊपर गैर-आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कारक हैं। जब पारिवारिक आय में वृद्धि होती है तो सांस्कृतिक कारकों के कारण महिलाएं परिवार की देखभाल के लिए काम छोड़ देती हैं। पितृसत्ता की गहरी जड़ें इस प्रकार जकड़े है कि घर के बाहर काम करने वाली महिलाओं के बारे में सांस्कृतिक बोझ इतना मजबूत है कि अधिकांश पारंपरिक भारतीय परिवारों में, शादी के लिए ही काम छोड़ना एक आवश्यक पूर्व शर्त है। चाइल्डकैअर की जिम्मेदारी पूरी तरह से महिलाओं प निर्भर है जिसका एक बड़ा कारक मातृत्व है। कार्यबल में शामिल होने वाली कई महिलाएं बच्चा होने के बाद फिर से शामिल नहीं हो पाती हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि चाइल्डकैअर को मुख्य रूप से महिलाओं की नौकरी के रूप में देखा जाता है। महिलाओं के खिलाफ कार्यस्थल पर पक्षपात आज भी होता है, ऐतिहासिक कानून, जो एक महिला को 26 सप्ताह के सवेतन मातृत्व अवकाश का अधिकार देता है, एक बड़ी बाधा बन रहा है। एक अध्ययन के अनुसार कंपनियों के लिए यह बढ़ी हुई लागत है और यह उन्हें महिलाओं को काम पर रखने से हतोत्साहित कर सकती है।

माताओं को इसलिए भी तरजीह नहीं दी जाती क्योंकि परिवार के कारण वे कम आधिकारिक जिम्मेदारियां उठाती नजर आती हैं। मेट्रोपॉलिटन, टियर 1 और टियर 2 शहरों में सुरक्षा प्रमुख मुद्दा है। कार्य स्थल पर सुरक्षा और उत्पीड़न के बारे में स्पष्ट और निहित दोनों तरह की चिंताएँ है।

महिलाओं के उच्च शिक्षा स्तर भी उन्हें अवकाश और अन्य गैर-कार्य गतिविधियों को करने की अनुमति देते हैं, जो सभी महिला श्रम बल की भागीदारी को कम करते हैं। जब आय बढ़ती है, तो पुरुष भारतीय महिलाओं को श्रम बल से हटने की अनुमति देते हैं, जिससे काम करने के कलंक (सांस्कृतिक कारक) से बचा जा सकता है। ऐसी नौकरियों की अपर्याप्त उपलब्धता जो महिलाएं कहती हैं कि वे करना चाहेंगी, जैसे कि नियमित अंशकालिक नौकरियां जो स्थिर आय प्रदान करती हैं और महिलाओं को काम के साथ घरेलू कर्तव्यों को पूरा करने की अनुमति देती हैं। अवैतनिक कार्य/घरेलू कार्य के बारे में सामाजिक मानदंड महिलाओं की गतिशीलता और वैतनिक कार्यों में भागीदारी के खिलाफ हैं। प्रसव और बुजुर्ग माता-पिता या ससुराल वालों की देखभाल बाद के बिंदुओं के लिए होती है, जहां महिलाएं रोजगार पाइपलाइन से बाहर हो जाती हैं।



महिलाओं के लिए शिक्षा महिलाओं को सशक्त बनाने और एलएफपीआर की बेहतरी में मदद करती है महिला शिक्षा लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। लंबे समय से महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया है। नारी शिक्षा को गति देकर भारत सामाजिक विकास और आर्थिक प्रगति के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। बालिकाओं के लिए अनिवार्य शिक्षा और उन्हें उच्च शिक्षा में बनाए रखना। अलग महिला शौचालय जैसे उचित बुनियादी ढांचा प्रदान करना। उन्हें नौकरी से संबंधित कौशल प्रदान करें जो नियोक्ता वास्तव में मांग करते हैं, या जिसका उपयोग वे अपना व्यवसाय शुरू करने में कर सकते हैं। कानूनों का मजबूत प्रवर्तन और बढ़ी हुई पुलिसिंग इस संबंध में मदद कर सकती है। आंगनबाड़ी, बालवाड़ी का सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें प्रेरित करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों का बार-बार आना आवश्यक है। देश की महिलाओं को सशक्त बनाने में महिला मंडलों की मदद ले सकती हैं। लड़कियों और उनके माता-पिता की आकांक्षाओं को बढ़ाये, हमें लड़कियों की छवि और रोल मॉडल देने की जरूरत है जो उनके सपनों का विस्तार करें महिला प्रतिनिधित्व जैसे स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय कानून में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएं क्योंकि यह नीति निर्माण में उनकी बात को बढ़ा सकती है।

अधिक महिलाओं को श्रम बल में लाने के लिए सुरक्षित कार्यस्थलों का निर्माण करना सबसे आगे होना चाहिए। शिक्षा का बेहतर लक्ष्यीकरण और महामारी के बाद की दुनिया में डिजिटल विभाजन को कम करना प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षा के माध्यम से, महिलाओं की कार्यबल में बेहतर पहुंच और अवसर हैं, जिससे आय में वृद्धि हुई है और घर पर अलगाव या वित्तीय निर्णयों से कम अलगाव हुआ है। कामकाजी माताओं के खिलाफ कार्यस्थल पूर्वाग्रह को दूर करन, गर्भावस्था भेदभाव, कौशल और विविधता के आधार पर महिलाओं को काम पर रखना करियर गैप के बाद, एक आदर्श बन जाना चाहिए। बाल-देखभाल जिम्मेदारियों को निष्पक्ष रूप से साझा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए करों का उपयोग करके, या महिलाओं और लड़कियों को पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्रों जैसे सशस्त्र बलों और सूचना प्रौद्योगिकी में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित करके हम स्थिति को मजबूत कर सकते है। भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने घोषणा की कि महिलाएं अब सेना में कमांडिंग पदों पर आसीन हो सकती हैं। बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी साझा करने के लिए पुरुषों के लिए पितृत्व अवकाश, कंपनियों को महिलाओं को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित करना, और 50त्र लक्ष्य तक पहुंचना। समान काम के लिए समान वेतन के संबंध में मजबूत कानून और नीतियां, अर्थव्यवस्था में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिए मातृत्व लाभ की आवश्यकता है। मातृत्व और पितृत्व। 2017 में अधिनियम में संशोधन ने पेड मैटरनिटी लीव को 12 से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया। हालांकि नेकनीयत, यह दुर्भाग्य से देखभाल करने की धारणा को मजबूत करता है कि मुख्य रूप से महिला का दायित्व है, और इस प्रकार महिलाओं के मातृत्व के अधीन होने के जोखिम को मजबूत करता है और बढ़ाता है। अनिवार्य पितृत्व लाभ के लिए एक स्पष्ट कानून लैंगिक भूमिकाओं को समान करने और नियोक्ता पूर्वाग्रह को कम करने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा, कामकाजी माताओं के लिए चाइल्डकैअर सुविधाओं का प्रावधान और मजबूती बहुत महत्वपूर्ण है। मातृत्व लाभ अधिनियम 50 से अधिक कर्मचारियों वाले संगठनों के लिए क्रेच सुविधाओं की स्थापना को अनिवार्य करता है। एक बेहतर नीतिगत उपाय यह होगा कि बच्चों की देखभाल के लिए जरूरतमंद माताओं को मासिक भत्ता दिया जाए। इससे घर से काम करने वाली माताओं को भी मदद मिलेगी। भारत ने पंचायतों और स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 33त्र आरक्षण प्रदान किया है। क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण से उनकी क्षमताओं को और बढ़ाया जा सकता है। मौजूदा पितृसत्तात्मक मानदंड सार्वजनिक या बाजार सेवाओं को लेने में एक महत्वपूर्ण बाधा उत्पन्न करते हैं। चाइल्डकैअर और लचीले काम के मुद्दे को संबोधित करने से सकारात्मक सामाजिक मानदंडों को शुरू करने में मदद मिल सकती है जो अवैतनिक देखभाल और घरेलू काम के बोझ के पुनर्वितरण को प्रोत्साहित करते हैं। महिलाओं के कुशल लेकिन अवैतनिक कार्यों का एक बड़ा स्पेक्ट्रम अर्थव्यवस्था में सीधे योगदान देता है। फिर भी, 'काम' के लिए जिम्मेदार नहीं होने के कारण इसका अवमूल्यन महिलाओं की स्थिति को कमजोर करता है, जिससे उनकी भेद्यता बढ़ जाती है। चाइल्डकैअर की जिम्मेदारियों को साझा करना उस संस्कृति में मुश्किल हो सकता है जहां माता-पिता की छुट्टी केवल मां को दी जाती है। यह इस धारणा को और पुष्ट करता है कि अवैतनिक देखभाल कार्य केवल महिलाओं की जिम्मेदारी है। सार्वजनिक सेवाओं में अवसर की समानता सुनिश्चित करके लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। हालाँकि, इन समाधानों का एक सीमित प्रभाव होगा जब तक कि प्रत्येक व्यक्ति के व्यवहार परिवर्तन को लक्षित न किया जाए।

# समीक्षा तो भाजपा भी करे

चुनाव परिणाम

अवधेश कुमार

चुनाव परिणाम कोई भी हो सार्वजनिक तौर पर पार्टियां अपने अनुसार उनका विश्लेषण करती हैं।

हालांकि अंदर से सच्चाई जानने और समझने की कोशिश करती हैं ताकि भविष्य में वो गलतियां फिर ना दोहराई जाए जिनके कारण परिणाम अपेक्षानुरूप नहीं आए। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी लोक सभा उपचुनाव तथा खतौली एवं रामपुर उप चुनाव परिणामों के संदर्भ में भी यही बातें लागू होती हैं। सपा और रालोद निश्चित तौर पर मैनपुरी और खतौली के परिणामों से प्रफुल्ल और उत्साहित होंगे। रामपुर से उन्हें धक्का लगा है, लेकिन इसका कारण वे अपनी दृष्टि से तलाश रहे हैं। यह स्वाभाविक भी है।

भाजपा ने सार्वजनिक तौर पर ऐसा कोई विश्लेषण इन चुनावों का नहीं दिया है, जिसे जमीनी वास्तविकता को समझने वाले स्वीकार कर लें। मैनपुरी में भाजपा ने इतनी बड़ी पराजय की कल्पना नहीं की थी। भाजपा के उम्मीदवार रघुराज शाक्य 2 लाख 88 हजार मतों से डिंपल यादव के हाथों पराजित हुए जो किसी दृष्टि से सामान्य नहीं माना जा सकता। 2019 लोकसभा चुनाव में मुलायम सिंह यादव स्वयं उम्मीदवार थे तो उन्हें भाजपा उम्मीदवार प्रेम सिंह शाक्य ने जबरदस्त चुनौती दी और वे केवल 94000 वोट के अंतर से जीत सके। तो फिर जीत और हार का अंतर इतना बड़ा क्यों हुआ? भाजपा को इसी तरह खतौली विधान सभा उपचुनाव परिणाम पर भी कठोरता से मंथन करना चाहिए। विधानसभा चुनाव में उसके उम्मीदवार विक्रम सैनी वहां जीते थे, लेकिन हेट स्पीच मामले में उनकी सदस्यता चली गई थी।

जाहिर है, भाजपा को यहां विजय मिलनी चाहिए थी। इसके विपरीत रालोद के मदन भैया ने भाजपा की राजकुमारी सैनी को 22 हजार 165 वोटों से हरा दिया। विधानसभा चुनाव की दृष्टि से यह छोटी पराजय नहीं है। भाजपा यह कह कर आत्मसंतुष्ट हो सकती है कि रामपुर में पहली बार किसी हिन्दू प्रत्याशी और वह भी भाजपा की जीत हुई है। किंतु इन दोनों चुनाव परिणामों का क्या? मैनपुरी के बारे में यह कहना आसान है कि मुलायम सिंह की मृत्यु के कारण उपजी सहानुभूति में लोगों ने उनकी बहू को स्वीकार किया है।

कहा जा सकता है इसमें भाजपा जीत जाती तो बड़ी बात होती। किंतु प्रदेश के राजनीतिक वातावरण को देखें तो भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ लोक सभा उपचुनाव में सपा को पराजित किया। आगे इसका विस्तार मैनपुरी तक होना चाहिए था और खतौली तो भाजपा के हाथ से जाने का कोई कारण ही नहीं होना चाहिए। आखिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता के समक्ष प्रदेश में कोई दूसरा नेता नहीं है। गुजरात के बाद उत्तर प्रदेश इस समय हिन्दुत्व के प्रति जन आकषर्ण का सबसे बड़ा मॉडल भी है। उस दिशा में सरकार की नीतियां भी स्पष्ट दिखाई पड़ती हैं। मैनपुरी में ऐसा मानते हैं कि शिवपाल सिंह यादव के साथ आ जाने से जमीनी स्तर पर चुनाव का प्रबंधन काफी सशक्त हुआ। शिवपाल सपा में आ चुके हैं और अखिलेश यादव ने घोषणा की है कि उनकी भूमिका बड़ी होगी। अखिलेश यादव से नाराज और बिखरे हुए पुराने सपाइयों और समर्थकों को इकट्ठा करने में शिवपाल यादव की भूमिका होगी। भाजपा ईमानदारी से अपने कार्यकर्ताओं से ही फीडबैक ले तो उसे इस संदर्भ में सच्चाई का पता चल जाएगा।

उत्तर प्रदेश और केंद्र का भाजपा नेतृत्व यह हमेशा ध्यान में रखे कि 2022 के विधानसभा चुनाव में जगह-जगह अपने ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों का विद्रोह उसे झेलना पड़ा था। पुलिस प्रशासन के रवैये से मंडल और जिला स्तर के पदाधिकारी तक क्षुब्ध और निराश थे। जिस क्षेत्र में जाइए वहीं लोगों की नाराजगी दिखती थी। अंततः दो बातों ने लोगों को भाजपा उम्मीदवारों के लिए काम करने और जिताने को विवश किया। लोगों के अंदर भय था कि सपा वापस हो गई तो अपराध का बोलबाला बढ़ेगा। दूसरे, केंद्र में नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के कारण हिन्दुत्व एक प्रबल मुद्दा बना और उसके प्रति भी आकषर्ण था। मुसलमानों को एकमुश्त सपा के पक्ष में जाते देखने की भी विपरीत प्रतिक्रियाएं हुईं। इसमें भाजपा को बहुमत मिल गया। उप चुनावों में वह स्थिति नहीं है। सच यह है कि सरकार वापस आने के बाद अनेक जगह पुलिस और प्रशासन का मनमाना रवैया फिर असभ्य तरीके से सामने आ रहा है। इसे संभालने की आवश्यकता है। पुलिस के व्यवहार के विरु द्ध लोगों में गुस्सा पैदा हुआ। गुंडागर्दी न हो, कानून-व्यवस्था कायम रहे इसके लिए पुलिस की वांछित भूमिका होनी चाहिए। इस समय प्रदेश की पुलिस वांछित भूमिकाओं की सीमा से बाहर आकर भी काम कर रही है। यह स्थिति होगी तो लोगों के अंदर गुस्सा पैदा होगा।

सच यह है कि स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं को भी यह नागवार गुजर रहा था। खतौली से रामपुर में यह स्थिति थी। स्थानीय लोग बता रहे हैं कि पुलिस सीमा से ज्यादा डर का वातावरण बना रही थी। 2017 से 2022 तक की सरकार में आम नेताओं-कार्यकर्ताओं की शिकायत थी कि थानेदार तक उनकी बात नहीं मानते। अगर किसी बात पर संघर्ष करिए तो मुकदमे होंगे, जेल में डाला जाएगा और सार्वजनिक रूप से पुलिस पिटाई भी कर सकती है। नई सरकार में इसकी समीक्षा करते हुए व्यापक सुधार होना चाहिए था। वह नहीं हुआ है। जमीन के कटु यथार्थ को उसी रूप में देखना होगा। इस समय पुलिस सामान्य मामलों में, जिनमें थाने से ही लोगों को छोड़ा जा सकता है, गिरफ्तारियां कर रही हैं और न्यायालय उनको मिनट में जमानत दे दे रहा है। ऐसा क्यों हो रहा है? कानून और व्यवस्था के नाम पर पुलिस प्रशासन की भूमिका इसी तरह रही तो कोई भी सरकार अलोकप्रिय हो सकती है।

श्रीकांत त्यागी प्रकरण में पुलिस-प्रशासन की भूमिका से पूरे समुदाय में नाराजगी पैदा हुई और वह अभी तक दूर नहीं हुई है। खतौली उपचुनाव में यह साफ देखा गया। अच्छा हो मुख्यमंत्री नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ इन सबकी समीक्षा करें और आवश्यक सुधार के लिए दिशा-निर्देश दें। सरकारी योजनाओं से लेकर विकास के कार्यक्रमों की धरातल पर क्या स्थिति है इसका फीडबैक भी अपने ही परिवार के कार्यकर्ताओं-नेताओं से सतत पाने की ढांचागत व्यवस्था करना आवश्यक है। स्वयं भाजपा और दूसरे साथी संगठनों के कार्यकर्ताओं की ओर से आई सूचनाओं और शिकायतों को गंभीरता से लें अन्यथा राजनीतिक स्थिति धीरे-धीरे प्रतिकूल भी हो सकती है।

# मुद्दों के दम पर जीती कांग्रेस

राजनीति

प्रकाश उप्रेती

पहाड़ों में गिरते तापमान के बीच चुनाव परिणामों ने हिमाचल प्रदेश के मौसम में गर्माहट पैदा कर दी है। चुनाव परिणामों ने नब्बे के दशक से चले आ रहे पैटर्न को दोहराते हुए कई बड़े संकेत भी दिए हैं। इन संकेतों को 'पांच साल कांग्रेस और फिर पांच साल बीजेपी' वाले फार्मूले से हटकर देखने की जरूरत है क्योंकि जहां बीजेपी राष्ट्रीय मुद्दों और चेहरों के साथ राज्य-दर-राज्य जीत रही है वहीं कांग्रेस लगातार कमजोर हो रही है। इधर कुछ वर्षों में बीजेपी ने जिस तरह से चुनाव लड़े हैं, उसे देखकर भी इन परिणामों को पैटर्न के तौर पर ही नहीं देखा जा सकता, जबकि हिमाचल में तो पांच वर्षो से बीजेपी की सरकार रही है और केंद्र में अनुराग ठाकुर जैसे मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष भी इसी प्रदेश से आते हैं। ऐसे में हिमाचल में बीजेपी के हाथ से सत्ता का जाना और कांग्रेस की 40 सीटों के साथ वापसी हाल के चुनावी नतीजों के हिसाब से बड़ी घटना हैं।

हिमाचल का यह चुनाव राष्ट्रीय बनाम क्षेत्रीय मुद्दों और नेताओं के इर्द गिर्द रहा। बीजेपी जहां प्रधानमंत्री मोदी के नाम तो वहीं कांग्रेस स्व. वीरभद्र सिंह के कार्यो को आगे कर चुनाव लड़ रही थी। इस बार कांग्रेस ने इमोशनल कॉर्ड के तौर पर वीरभद्र के नाम को



आगे करके ही चुनाव लड़ा। यह कांग्रेस की सोची समझी रणनीति थी। रणनीति में सफल भी हुई। हिमाचल की 68 सीटों वाली विधानसभा में बीजेपी का 25 सीटों पर सिमट जाना और कांग्रेस की 40 सीटें आने के पीछे बीजेपी की अंदरूनी खेमेबाजी की भी बड़ी भूमिका रही है। हिमाचल बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह राज्य है, लेकिन वह राज्य की राजनीति में कभी भी बड़ा फैक्टर नहीं रहे हैं। जैसा कि बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों का अपने गृह राज्यों में रहा है। इसके कारण हिमाचल में बीजेपी के कई गुट बन गए जिनमें एक मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर तो दूसरा प्रेम कुमार धूमल परिवार के इर्द गिर्द बनने लगा। गुटबाजी के कारण बीजेपी के 20-21 पुराने नेता बागी हो गए। उनमें से अधिकतर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर गए। इसका सीधा असर बीजेपी के वोट शेयर पर पड़ा जिसका फायदा कई जगह कांग्रेस के प्रत्याशियों को मिला। लोकल स्तर पर कांग्रेस ने इसका प्रचार भी बड़ा किया। उसकी जीत के मार्जन में उसे इसका फायदा भी मिला।

हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य है। वहां 2.25 लाख से ज्यादा सरकारी कर्मचारी और 1.90 लाख के आसपास पेंशनर हैं। सरकारी नौकरी में जाने का एक बड़ा लोभ रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली पेंशन है। जब से पुरानी पेंशन स्कीम खत्म हुई तब से यह तबका बीजेपी से नाराज चल रहा था। हिमाचल में पिछले कुछ वर्षों में जो आंदोलन हुए उनमें सरकारी कर्मचारियों का पेंशन आंदोलन एक बड़ा आंदोलन रहा है। सरकारी कर्मचारियों के इस आक्रोश को कांग्रेस ने अच्छे से भुनाया। हिमाचल की पहली रैली में ही प्रियंका गांधी ने इस मुद्दे पर बोलते हुए कहा, 'हमारी सरकार आएगी तो पहली कैबिनेट में पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किया जाएगा।' कांग्रेस की इस घोषणा और बीजेपी को लेकर आक्रोश ने भी सत्ता परिवर्तन का नैरेटिव खड़ा करने में बड़ी मदद की। चुनाव में बीजेपी, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के साथ इस बार आप भी मैदान में थी।

चुनाव कैम्पेन के आरंभिक दौर में कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार हिमाचल में त्रिकोणीय मुकाबला होगा क्योंकि हिमाचल के बगल वाले राज्य पंजाब में आम अदामी पार्टी की सरकार बन चुकी थी और जोर-शोर से हिमाचल के चुनावों में उतरी थी। लेकिन जैसे-जैसे चुनावी पारा बढ़ता गया वैसे-वैसे आम आदमी पार्टी सिमटती गई। हिमाचल के चुनावी मैदान से आम आदमी पार्टी का गायब होना भी कांग्रेस को फायदा पहुंचा गया। इस बात की तस्दीक हिमाचल के वोट शेयर (बीजेपी-43.00, कांग्रेस-43.90 और आप-1.10) भी करते हैं। बीजेपी और कांग्रेस के बीच में .90 प्रतिशत का अंतर है। हिमाचल जैसे छोटे राज्य में जहां विधानसभा में जीत-हार का अंतर कम रहता है, वहां पर अगर 'आप' का वोट शेयर थोड़ा भी बढ़ता तो उसका सीधा असर सीटों पर पड़ता। पिछले उत्तराखंड, गोवा और अब गुजरात चुनावों के आंकड़ों को देखें तो स्पष्ट होता है कि-जहां-जहां आप का वोट शेयर बड़ा है, वहां-वहां कांग्रेस का वोट शेयर कम हुआ है। इस बार के चुनावों में जयराम ठाकुर की सराकर के खिलाफ बड़े स्तर पर आक्रोश नहीं था लेकिन जमीनी स्तर पर अलग-अलग क्षेत्रों और समूह के बीच जो नाराजगी थी, उसे कांग्रेस ने रणनीतिक तौर पर संगठित करने का प्रयास किया। वह चाहे किन्नौर में जल विद्युत परियोजनाओं के खिलाफ लंबे समय से चल रहे 'नो मीन्स नो' का आंदोलन हो या फिर जयराम ठाकुर द्वारा 'सवर्ण आयोग' की घोषणा के बाद अन्य तबकों में उपजा आक्रोश हो या सेब पैकिंग के सामान पर जीएसटी लगने से आक्रोशित सेब बागवानी के किसानों का आंदोलन। इन सब मुद्दों को कांग्रेस ने स्थानीय स्तर पर दमखम के साथ उठाया और बीजेपी सरकार के खिलाफ माहौल बनाने में कामयाबी हासिल की है।

## तकनीक

# सबसे शक्तिशाली वायरलेस पार्टी स्पीकर

सोनी इंडिया ने आज नए SRS-XV900 के लॉन्च की घोषणा की, जो वायरलेस स्पीकर एक्स सीरीज़ रेंज का सबसे शक्तिशाली और सबसे तेज़ ब्लूटूथ पार्टी स्पीकर है। दुनिया भर के संगीत प्रेमियों को रोमांचक साउंड मनोरंजन अनुभव प्रदान करने के लिए यह स्पीकर लिव लाइफ लाउड विजन का हिस्सा है। जीवन को पूर्ण मात्रा में जीना चाहिए और इसका मतलब है कि सोनी के नए SRS-XV900 स्पीकर से स्पष्ट, समृद्ध साउंड का आनंद लेने में सक्षम होने के लिए हर पल का भरपूर लाभ उठाएं। सोनी SRS-XV900 आपको एक्स - बैलेंस्ड स्पीकर यूनिट के साथ सर्वदिशात्मक पार्टी साउंड का आनंद लेने देता है, जो स्पीकर के क्षेत्र को अधिकतम करके अधिक ध्वनि दबाव और कम विकृत साउंड देता है और जेट बास बूस्टर गहरा, प्रभावशाली, शक्तिशाली बास प्रदान करता है। मिडरेंज ड्राइवर उत्कृष्ट स्वर प्रदान करते हैं, जबकि आगे, पीछे और पीछे के 6 ट्वीटर उच्च आवृत्ति साउंड को चारों ओर फैलाते हैं। टीवी साउंड बूस्टर कनेक्टिविटी टीवी देखते समय बेहतर टीवी साउंड का अनुभव देती है। SRS-XV900 का डीप बास और यथार्थवादी उच्च-आवृत्ति साउंड कमरे को भर देता है और एक समृद्ध ऑडियो-विजुअल अनुभव प्रदान करने के लिए आपके टीवी के साउंड को बढ़ाता है। बस ऑप्टिकल केबल (शामिल) कनेक्ट करें और टीवी ब्रांड या मॉडल के बावजूद टीवी साउंड बूस्टर फ़ंक्शन का चयन करें। त्वरित चार्जिंग बैटरी की 25 घंटे की लंबी लाइफ के साथ,अब आप कहीं भी अपना साउंड ले सकते हैं।स्पीकर की त्वरित चार्जिंग के साथ, आप मात्र 10 मिनट की चार्जिंग में 3 घंटे का प्ले टाइम प्राप्त कर सकते हैं। बैटरी केयर मोड सुविधा के साथ, आपको अपने स्पीकर को अधिक चार्ज करने के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, जिससे यह अधिक समय तक भरोसेमंद बना रहता है।

# सड़क बन जाने से गांव के लोगों को आवागमन में नहीं होगा परेशानी

## मंत्री लखमा ने सुकमा-गोंगला-मुयारास एनएच-30 डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 15 दिसम्बर ।** वाणिज्य व उद्योग और आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने आज सुकमा-गोंगला-मुयारास एन एच 30 डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। लगभग 6 करोड़ की लागत से निर्माण होने वाले इस डामरीकरण मार्ग से गोंगला, मुयारास, तेलावर्ती, बोरगुड़ा आदि ग्राम के लगभग 5 हजार ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। एन एच 30 को जोड़ने वाली इस डामरीकरण मार्ग के लिए प्रशासकीय स्वीकृत राशि 599.91 लाख और सड़क की कुल लंबाई 5.95 किलोमीटर है।उद्योग मंत्री श्री लखमा ने डामरीकरण मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन पर ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि गांवों के विकास और सुगम आवागमन के लिए अच्छी सड़क का होना सबसे महत्वपूर्ण है। ग्रामीण विकास में आवागमन सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को शासन की प्राथमिकताओं में से एक बताते हुए उन्होंने कहा कि शासन किसानों के हित के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहें हैं। इस वर्ष 2640 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी किया जा रहा है। किसानों के साथ ही अब भूमिहीन मजदूरों को भी राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत 7 हजार रुपए प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके तहत सुकमा जिले में 1870 बैगा, गुनिया आदि को भी हितग्राही के रूप में लाभान्वित किया गया है। सुकमा के पढ़े लिखे बेरोजगारों का पुलिस बल में व्यापक स्तर पर भर्ती हुआ है। इस दौरान उन्होंने मलगेर नदी में पुलिया निर्माण के लिए 6 करोड़ रुपए की घोषणा भी की।

उद्योग मंत्री श्री लखमा ने कहा कि आदिवासी अंचल में आदिवासी संस्कृति, रीति रिवाज और आस्था के विकास के लिए देवगुड़ी निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में सड़क, पुल पुलिया का विकास प्राथमिक आवश्यकता है, जिसे शासन प्रशासन तत्परता से पूर्ण कर रही है। जनसुविधा के सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुकमा जिले के प्रत्येक गांव में सभी जरूरी निर्माण एवं विकास के कार्य किए गए हैं। व्यक्तिगत वन अधिकार का प्रमाण पत्र प्रदान किया और राज्य सरकार ने गरीबों के साथ ही सभी लोगों का राशनकार्ड बनाया गया है। पहले जिन क्षेत्रों में आवागमन की कल्पना करनी भी मुश्किल थी, आज वहां पक्की सड़क बनी हैं। शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के लिए शासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत गोंगला में सीसी रोड, देवगुड़ी शेड निर्माण, आंगनबाड़ी भवन, नल जल कनेक्शन, अंबिका पारा, तेलावर्ती में सामुदायिक शौचालय और नाली निर्माण, बोरगुड़ा में नाली निर्माण, रीपा के अंतर्गत लगभग दो करोड़ का काम सहित विभिन्न कार्य किया गया है।

बदल रही है सुकमा की तस्वीर, हो रहा चहुंमुखी विकास

जिपं अध्यक्ष श्री हरीश कवासी ने अपने संबोधन में कहा कि पुल-पुलिया, सड़क बनाने का उद्देश्य क्षेत्रवासियों की समस्याओं को दूर करना है। सड़क बन जाने से अब ग्रामीणों को इससे रोजमर्रा के काम के साथ ही बाजार हाट आने जाने में सहुलियत होगी। उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में सड़क व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। गांवों को सड़क से जोड़ा जा रहा, ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन स्कूल, आश्रम, स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए जा रहे है।सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद सुकमा के अध्यक्ष श्री राजू साहू, छत्तीसगढ़ जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री करण सिंह देव, छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य श्री राजेश नारा, श्री राजू राम नाग जिला पंचायत सदस्य, गोंगला ग्राम पंचायत के सरपंच श्री आयता राम बुगरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व आम जनता उपस्थित रहे।

# राजेंद्र कुमार गांधी बने माहेश्वरी समाज के संभागीय अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 15 दिसंबर।** बस्तर संभाग माहेश्वरी समाज का चुनाव 10/12/2022 को जगदलपुर के माहेश्वरी भवन में सम्पन्न हुआ जिसमें बीजापुर के राजेंद्र कुमार गांधी संभागीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जिनका आज बीजापुर में समाज के लोगों ने अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन पर उनका पुष्पहार पहनाकर एवं पटाके फोड़कर सम्मान किया।

सम्मान समारोह में पहुँचे बीजापुर के विधायक और बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने राजेंद्र कुमार गांधी के संभागीय अध्यक्ष चुने जाने पर पूरे बीजापुर ज़िले वासियों की ओर से माहेश्वरी समाज को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ÷बीजापुर जैसे क्षेत्र से माहेश्वरी समाज का संभागीय अध्यक्ष बनना बीजापुर जिले के लिए गैरवान्वित करने वाली बात है।÷

नवनिर्वाचित संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गांधी ने नई ज़िम्मेदारी मिलने से ख़ुशी ज़ाहिर किया और समाज के वरिष्ठजनों सहित सभी का आभार व्यक्त किया है और आगे कहा कि समाज के छोटे छोटे संघटकों को सक्रिय करते हुए युवा परिचय और समाज में बेहतर ताल मेल के साथ आगे बढ़ने की दिशा में काम करेंगे।

विदित हो कि राजेंद्र कुमार गांधी और ओमप्रकाश टावरी के हुए कड़े मुक़ाबले में राजेंद्र कुमार गांधी तीन वोट से विजयी हुए।सम्मान समारोह में पीसीसी सदस्य व ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार, नगरपालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, ज़िला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राजेश जैन, कंवर समाज बीजापुर के ज़िला अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह पैंकरा, माहेश्वरी समाज के मदनलाल राठी, नरेश राठी, भंवरलाल केला, भंवरलाल गांधी, मुकेश राठी, अशोक राठी, दिनेश राठी, मूलचंद चांडक, दिलीप राठी, दिलीप केला, प्रवीण चांडक, राकेश राठी, पंकज गांधी, जसवंत गांधी, पन्नालाल केला, सहित गणमान्य लोग एवं समाज के लोग उपस्थित थे।


## कौशल विकास प्रशिक्षण लेने वालों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**कांकेर 15 दिसम्बर ।** जल जीवन मिशन कांकेर अंतर्गत पंप ऑपरेटर, प्लंबर एवं हेल्पर का कौशल विकास प्रशिक्षण लेने प्रथम अरोरा शिक्षण केंद्र कुरूद में प्रशिक्षण लेने वाले कांकेर जिले के 44 प्रशिक्षणार्थियों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर के कार्यपालन अभियंता श्री एस. आर नेताम के द्वारा एवं जिला नोडल अधिकारी श्री नवीन कुमार साहू की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर प्रशिक्षण स्थल के लिए रवाना किया गया।

# राशनकार्ड बनने के बाद भी नहीं मिल रहा चावल, आठ महीने से दफ्तर के चक्कर काटने को मजबूर है पीड़ित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**देवभोग,15 दिसंबर।** जिले के देवभोग ब्लॉक के अमाड़ पंचायत के आश्रित ग्राम जामगुरिया पारा में एक अजीब मामला देखने को मिला है.. गॉव की रहने वाली सवेत्री नागेश के पास राशन कार्ड होने के बाद भी उसे सरकारी राशन दुकान से चावल नहीं मिल रहा है.. चावल के लिए राशन दुकान जाने पर विक्रेता द्वारा ई पोष में आधार लिंक नहीं होने की बात कहकर राशन नहीं दिया जा रहा है, जबकि महिला का राशन कार्ड आठ महीने पहले बना है लेकिन आज आठ महीने बीत गए वह राशन पाने को तरस रही है.. और वह अपने पति के साथ दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हो गई है...

**किस काम का मेरा राशन कार्ड-** इसे अधिकारी की लापरवाही कहे या फिर किसी और की.. लेकिन राशन कार्ड बनने के बाद भी अपने हक का राशन पाने के लिए महिला दफ्तरों के चक्कर लगाते-लगाते थक चुकी है.. महिला के पति खीतेराम नागेश के मुताबिक वह कार्ड के सम्बन्ध में जानकारी लेने हर महीने तीन से चार बार देवभोग में खाद्य शाखा के दफ्तर में पहुंचते है लेकिन हर बार उन्हें गोलमोल जवाब देकर वापस भेज दिया जाता है.. यहां बताना लाजमी होगा कि खीतेराम आज भी खाद्य शाखा के दफ्तर पहुँचे थे.. उन्हें आज जानकारी दिया गया कि आपका आधार ई-पोष में दिख रहा है.. ऐसे में अब आपको राशन मिलना शुरू हो जायेगा.. वहीं जवाब मिलने के बाद खीतेराम किसी को बिना कुछ कहे वापस लौट गया.. उसने तरुण छत्तीसगढ़ प्रतिनिधि को बताया कि वह कार्ड के सम्बन्ध में जानकारी लेते-लेते थक चुका है.. खीतेराम के मुताबिक ज़ब राशन देना ही नहीं था, तो कार्ड क्यों बनाया।

**जिले के कलक्टर से उम्मीद:-** यहां बताना लाजमी होगा कि कुछ महीने पहले लाटापारा की रहने वाली पीरो बाई सोनी का राशनकार्ड जिम्मेदार नहीं बना रहे थे.. वह कार्ड बनाने के लिए जिम्मेदारों के चक्कर काटने को मजबूर थी.. मामला ज़ब तरुण छत्तीसगढ़ ने उजागर किया था.. इस दौरान जिले के संवेदनशील कलक्टर प्रभात मलिक ने मामले को बहुत ज्यादा गंभीरता से लिया था.. कलक्टर के निर्देश पर तीन घंटे में महिला का कार्ड बना था.. ऐसे में अब सवेत्री और उसके पति ने भी जिला के मुखिया से गुहार लगाया है कि उनकी इस समस्या को कलक्टर दूर करेंगे... हालांकि इस मामले को लेकर सवेत्री और उसके पति कलक्टर से मिलने जिला मुख्यालय जाने वाले है.. खीतेराम के मुताबिक यदि उन्हें इस माह राशन कार्ड में चावल नहीं मिलता है तो वे राशन कार्ड को जनपद पंचायत में जमा कर देंगे... खीतेराम के मुताबिक उन्हें प्राथमिकता कार्ड मिला है, उस कार्ड में उन्हें हर महीने 35 किलो का राशन तीन सदस्य के लिए मिलना था लेकिन आठ महीने बीतने के बाद भी उन्हें राशन दुकान से चावल नहीं मिल पाया है।

मामले में एएफओ रवि कोमर्रा ने बताया कि मामले की जानकारी लेता हूँ, इसके बाद ही कुछ बता पाउँगा...

वहीं राशन दुकान के विक्रेता तुलसी कश्यप ने कहा कि अंगूठा लगाने पर

# छत्तीसगढ़ गौरव दिवस 17 दिसंबर को मनाया जाएगा

**बीजापुर 15 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार के 04 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर 17 दिसंबर को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दिन जिले के सभी गौठानों, सहकारी सोसायटी परिसरों, धान खरीदी केंद्रों, तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्रों, वनोपज प्रबंधन समितियों के कार्यालय स्थलों, जिले के हाट-बाजारों, नगरीय निकायों के वार्डों में कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल सुबह 11 बजे राज्य की जनता के नाम संदेश भी देंगे।कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने गौरव दिवस का आयोजन गरिमापूर्ण मनाने एवं कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन हेतु अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए।17 दिसंबर को सुबह 11 बजे किसानों, गौठान समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों, पशुपालकों, भूमिहीन मजदूरों, जनप्रतिनिधियों, स्थानीय निकायों के सदस्यों, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों सहित स्थानीय निवासियों को आमंत्रित करने तथा शासन द्वारा विगत 04 वर्षो में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हासिल की गई उपलब्धियों की जानकारी दी जावे। इस अवसर पर शासन के विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को सामग्री भी वितरित किया जा सकता है।17 दिसंबर को दोपहर 3 बजे प्राथमिक सहकारी सोसायटी परिसर, धान खरीदी केन्द्रों पर किसानों को आमंत्रित कर शासन की कृषि संबंधी प्रमुख योजनाओं जैसे ब्याज मुक्त ऋण योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना इत्यादि की जानकारी दी जाएगी। जिले के वन क्षेत्रों में भी इसी दिन सुबह 11 बजे तेंदूपत्ता संग्रहण केन्द्रों एवं वनोपज प्रबंधन समिति के कार्यालय स्थलों पर भी किसानों एवं मजदूरों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जिले में संचालित हाट बाजार स्थलों में भी लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां दिया जायेगा। नगरीय क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इनमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वार्ड के निवासियों को आमंत्रित कर शासन की 4 वर्षो की उपलब्धियों से अवगत कराया जाएगा।इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री रविकुमार साहू,सीएमओ बीजापुर श्री विकास सर्वे, जिला खाद्य अधिकारी श्री गणेश कुर्रे सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।

## विशेष ग्रामसभा का 20 से 26 तक

**कांकेर 15 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम 2022 के अंतर्गत ग्रामसभा का अध्यक्ष एवं अन्य समितियों के निर्वाचन हेतु जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में 20 से 26 दिसम्बर तक विषेष ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देष कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। ग्राम सभा के आयोजन में कोविड-19 के रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने के भी निर्देश दिये गये हैं।ग्रामसभा के आयोजन हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने स्तर पर पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने तथा समय-सारणी बनाकर ग्राम सभा की तिथि निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया गया है ताकि एक ही दिनांक को ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में उसी तिथि में ग्राम सभा का आयोजन न हो। इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्राम सभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे तथा ग्रामसभा का आयोजन ढंग से हो सकेगा। कलेक्टर ने कहा कि कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए ग्रामसभा आयोजन की जानकारी ग्राम पंचायत के प्रत्येक पदधारी सरपंच तथा पंचों को दी जाये।

## एक नजर

### आनलाइन से फ्रॉड मामले में बस्तर पुलिस ने की कार्रवाई

**जगदलपुर, 15 दिसंबर।** बस्तर पुलिस के द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। आनलाईन धोखधड़ी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने के लिये बस्तर पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत् ठगी करने वाले फरार आरोपियों पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो कि प्रार्थी कमल कृष्ण विश्वास को आरोपी के द्वारा मोबइल 9749896714 से फोन करके बीएसएनएल वेरिफिकेशन से बोल रहा हूँ बोलकर एनीडेस्क एप ओपन कराकर कुल 99,990/रु पैसे ट्रांसफर करवाकर,आनलाईन धोखाधड़ी किया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाईल/खाता धारक के खिलाफ पुलिस थाना कोतवाली में धोखाधडी धारा 420 भादवि, 66(सी),66(डी) आई0टी0 एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान में लिया गया। प्रकरण में उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह मीणा, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पॉल के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार व उप पुलिस अधीक्षक गीतिका साहू के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर, फरार आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था। दौरान अनुसंधान के मोबाईल नंबर व बैंक खातो के विश्लेषण एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही के उपस्थिति की जानकारी जिला देवघर झारखंड में मिलने पर टीम झारखंड रवाना किया गया था। जहॉ पर उक्त टीम के द्वारा संदेह के आधार पर, आरोपीगण मिलने से जिनसे पुछताछ करने पर अपना जुर्म करना स्वीकार किया है। घटना मे प्रयुक्त मोबाइल 04 नग, ।ज्ड कार्ड 03 नग, व नगद रकम 99,000/रु को आरोपीगण से जप्त कर दिनांक 10.12.2022 को गिरफ्तार कर माननीय प्रथम श्रेणी न्यालयाल मधुपुर (झारखण्ड) से ट्रांजिस्ट रिमांड प्राप्त कर जगदलपुर लेकर आये आरोपीगणों को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय जगदलपुर रवाना किया जा रहा है।

### कार्यशाला में जल बहिनियों का एक दिवसीय जल गुणवत्ता परीक्षण की जानकारी दी गई

**कांकेर 15 दिसम्बर ।** जल जीवन



मिशन कांकेर अंतर्गत स्वच्छ जल से सुरक्षा अभियान के तहत वाटर एड इंडिया के सहयोग से पेयजल की गुणवत्ता जांच, ग्राम पंचायत स्तर पर गठित एवं प्रशिक्षित पांच महिलाओं के समूह जल बहनियों का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। एक दिवसीय कार्यशाला में जल जीवन मिशन कांकेर के जिला नोडल अधिकारी नवीन कुमार साहू द्वारा जल जीवन मिशन एवं इसके अंतर्गत जल गुणवत्ता के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो को बताया गया, साथ ही जल जीवन मिशन के टीम द्वारा भी जल बहिनियों को संबोधित किया गया। कार्यशाला में वाटर ऐड इंडिया के जिला समन्वयक अजहर कुरैशी, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक बालमुकुंद देवांगन, जल जीवन मिशन कांकेर के जिला समन्वयक ज्योति शांडिल्य सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### पंचायत एवं वार्ड पार्षद उप निर्वाचन के चलते हथियार थाने में जमा कराने के निर्देश

**कांकेर 15 दिसम्बर ।** जिला दण्डाधिकारी एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन एवं नगर पंचायत पखांजूर के वार्ड पार्षद के उप निर्वाचन को शांतिपूर्वक संपन्न कराने एवं लोकशांति की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित ग्राम पंचायतों के सीमा क्षेत्र एवं नगर पंचायत पखांजूर के सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले समस्त शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों (लाइसेंसियों) को अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस थाना में तत्काल जमा कराने के आदेश दिये हैं। इसके अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारी (लाइसेंसी) अपने शस्त्र कांकेर जिला के शस्त्र डीलर जिनके पास शस्त्र डिपॉजिट करने का अनुज्ञप्ति है, वहाँ भी जमा कर सकते हैं। जो व्यक्ति शस्त्र डीलर के पास शस्त्र जमा करते है, उसकी सूचना भी संबंधित थाना में देना होगा। शस्त्र डीलर थानावार जानकारी तैयार कर संबंधित थाना एवं जिला दण्डाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश जिला उत्तर बस्तर कांकेर के जनपद पंचायत कांकेर के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनेलीकन्हार, जनपद पंचायत चारामा के अंतर्गत ग्राम पंचायत लखनपुरी, जेपरा, किशनपुरी, गितपहर तथा जनपद पंचायत नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मावलीपारा, धंवराभाठा, सारवण्डी, देवरी बालाजी, करप, कुरालठेमली, जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत मेड़ो और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोरकट्टा, आलोर, मंडागांव, बड़ेझाड़कट्टा, बैकुण्डपुर, रामकृष्णपुर, हरिहरपुर, चांदीपुर, छोटेकापसी, बलरामपुर, केसेकोड़ी, भिंगीडार, श्यामनगर, कारेकट्टा, सावेर, बांदे कॉलोनी, नांगलदंड, हनुमानपुर, विकासपल्ली, आकमेटा, कंदाड़ी, सितरम, पानीडोबीर, स्वरूपनगर, मेंड्रा, कृष्णनगर, रविन्द्रनगर, पुरूषोत्तमपुर, यशवंतनगर, द्वारिकापुरी और छोटेबेठिया ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र तथा नगर पंचायत पखांजूर के सीमा क्षेत्र के सभी लायसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लायसेंसी पर भी लागू होंगे।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर, एसपी सहित अधिकारी पहुंचे अतिसंवेदनशील क्षेत्र तिम्मेनार



**बीजापुर 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णैर्य, डीएफओ श्री अशोक पटेल एवं सीईओ जिला पंचायत श्री रविकुमार साहू ने भैरमगढ़ ब्लाक के दूरस्थ क्षेत्र बेचापाल से आगे हुर्रेपाल एवं 8 किलोमीटर दूर मोटर साईकिल एवं पैदल चलकर तिम्मेनार पहुंचे, सड़क निर्माण की प्रगति से ग्रामीण भी खुश हुए ग्रामीणों ने बताया, आवागमन अब आसान होगा। गंगालूर, बीजापुर की दूरी कम होने से जिला मुख्यालय तक पहुंच आसान होगी, कलेक्टर श्री कटारा ने ग्रामीणों को बताया सड़क बनने के बाद स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल, राशन दुकान जैसे सुविधाएं सुलभ होगी। बीजापुर एवं भैरमगढ़ ब्लाक के पुसनार, गंगालूर, बुरजी, बेचापाल, मिरतुर, हुर्रेपाल, तिम्मेनार, तामोड़ी, चेरपाल जैसे सेकड़ो गांवों की बड़ी आबादी को आवागमन के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, पारिवारिक संबंधो के निर्वहन हेतु सुविधाएं मिलेंगी। सड़क निर्माण के कार्यो का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने कार्य गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए। वहीं ग्रामीणों से अपील करते हुए विकास कार्यो में सहयोग करने को कहा, ग्रामीणों ने बताया तिम्मेनार में स्कूल संचालित हो रही है शिक्षक भी नियमित रुप से आते है, कुछ ग्रामीणों ने हेंडपंप की मांग की जिस पर कलेक्टर ने कहा सुदूर क्षेत्र है विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है हर संभव हर तरह की बुनियादी सुविधाएं दी जाएगी।

### जिला स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ



**बीजापुर 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खेल एवं युवा कल्याण द्वारा आयोजित युवा महोत्सव का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर राज्य गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम ने प्रतिभागियों का हौसला आफजाई किया। विभिन्न प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर से चयनित होकर आए युवाओं को शुभकामनाएं दी और समापन के दौरान विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया और राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता में शामिल होकर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार। प्रतियोगिता में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत गायन, प्रहसन, एकांकी गायन, वादन मे हारमोनियम, तबला, बांसुरी, तात्कालिक भाषण, चित्रकला, निबंध, प्रश्नोत्तरी, वाद्य.विवाद, पारंपरिक वेशभूषा, फूड फेस्टिवल, गेड़ी, भौंरा, फुगड़ी, कबड्डी, खो.खो इत्यादि शामिल थे। जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया पूरे कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री प्रवीण डोंगरे, नगरपालिका अध्यक्ष श्री बेनहूर रावतिया, उपाध्यक्ष श्री पुरषोत्तम सल्लूर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बोधी ताती सीईओ जिला पंचायत श्री रविकुमार साहू, अपर कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, जिला खेल अधिकारी श्री फागेश सिन्हा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### बीजापुर के खिलाड़ी का नेशनल टीम में चयन

**बीजापुर 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



स्पोर्ट्स अकैडमी बीजापुर में संचालित वॉलीबॉल खेल के खिलाड़ी नागेश पेरमा जो पिछले महीने ही जूनियर नेशनल जम्मू कश्मीर में आयोजित हुआ था उस प्रतियोगिता में भाग ले चुके है और उससे पहले खेलो इंडिया में भी भाग ले चुके है जो पंचकुला हरियाणा में आयोजित हुई थी और अभी 16 से 22 दिसंबर तक यूथ नेशनल प्रतियोगिता मध्यप्रदेश के पन्ना में आयोजित होने वाली है उसमे नागेश का चयन हुआ है बीजापुर जिले के गांव झारगोया एरिया के नागेश वॉलीबॉल में अपना खेल का दम दिखाएंगे वॉली बाल के कोच श्री भवानी चरन ने बताया के आने वाले समय मे और भी खिलाड़ी नेशनल प्रतियोगिता में अपना दम दिखाएगे इस उपलब्धि स्थानीय विधायक श्री विक्रम कुमार मंडावी जिला कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा एवं प्रभारी श्री फागेश कुमार सिन्हा जीने हार्दिक बधाइयां दी है उक्त जानकारी हेड कोच श्रम निरीक्षक सोपान करनेवार के द्वारा दी गई है।

### आओ बात करें के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे हैं बीजादूतीर स्वयंसेवक



**बीजापुर 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ज्ञात हो कि जिले में जिला प्रशासन के प्रयास से बीजादूतीर स्वयंसेवक कार्यक्रम संचालित है जिसमें जिले के सैकड़ों युवा स्वयंसेवक के रूप में जुड़कर सेवा दे रहे हैं गर्भवती माता किशोरी, युवा, बालिका बच्चे, बुजुर्ग, अक्सर मानसिक पीड़ा से ग्रसित होते हैं और पीड़ा को अपने अंदर रखकर तनाव की स्थिति में चले जाते हैं आओ बात करें प्रोग्राम में समुदाय को यह समझने में मदद मिल रहा कि कैसे एक दूसरे से बात करके तनाव से बाहर आ सकते हैं मानसिक पीड़ा से बाहर आने का एक ही माध्यम है एक दूसरे से बात करना एवं स्वयं प्रोत्साहित होना और सकारात्मक सोच रख कर जीवन जीना यह प्रयास में बीजादूतीर स्वयंसेवक लगातार लोगों को व्यवहार परिवर्तन करने का प्रयास कर रहे हैं समुदाय के साथ बात करके एगृह भ्रमण के द्वारा, नारा लेखन के द्वारा मानसिक पीड़ा से बचने हेतु बीजादूतीर स्वयंसेवक मार्गदर्शन कर रहे हैं।

## एक नजर

### विशेषज्ञ चिकित्सक प्रत्येक माह के बुधवार को धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में देंगे सेवा



**रायगढ़, 15 दिसम्बर।** कलेक्टर रायगढ़ के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ीकरण करने के लिये जिला चिकित्सालय रायगढ़ के विशेषज्ञ/चिकित्सक/कर्मचारी की ड्यूटी प्रत्येक माह के द्वितीय बुधवार को एक दिवस के लिये सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है। जिसके तहत आज सिविल अस्पताल-धरमजयगढ़ रायगढ़ में किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ के डॉ संजय अग्रवाल रेडियोलॉजिस्ट/सोनोलॉजिस्ट, डॉ उपमा पटेल स्त्रीरोग विषेषज्ञ, डॉ.आकाश पण्डा आर्थोलॉजीस्ट, डॉ.प्रकाश चेतवानी मनोरोग चिकित्सा अधिकारी चिकित्सक अपने मुख्यालय से 100 कि.मी की दूरी पर धरमजयगढ़ विकासखंड में वनांचल दूर्लभ स्थान पर पूर्वान्ह 11 बजे से सायं 5 तक स्वास्थ्य सेवा देकर ग्रामीण जनों के स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा पंजीकृत कुल 758 लोगों को जांच एवं उपचार किया गया।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए दावा-आपत्ति 24 दिसम्बर तक

**रायगढ़, 15 दिसम्बर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र पंझर, देलारी तथा संबलपुरी में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण कर प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक प्रकाशित कर परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 24 दिसम्बर 2022 सायं 5 बजे तक परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) के कार्यालय में लिखित में दावा-आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### पटाखों से भरी गाड़ी राजा राव पठार के पास हुई दुर्घटनाग्रस्त



**कांकेर, 15 दिसंबर।** धमतरी एनएच 30 राजाराव पठार के पास पटाखों से भरी गाड़ी अनियंत्रित हो कर पलट गई।ड्राइवर के अनुसार ष्ट्र04 रुङ्ग 0307 आनंदघन कंस्ट्रक्शन की गाड़ी रायपुर से पटाखा लोड कर केशकाल जा रही थी जिसमे 3 लोग सवार थे, राजाराव पठार निकलते ही रायपुर की तरफ जा रहा ट्रक लहराते हुए ओवरटेक किया जिससे पटाखों से लोड गाड़ी बहक गई और सड़क किनारे पलट गई, लोडिंग में सवार 1 व्यक्ति को चोट आई जिसे प्राइवेट गाड़ी से चारामा स्वास्थ केंद्र भेजा गया,पटाखों से लोड गाड़ी का दुर्घटनाग्रस्त होना,गनिमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

**कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा**

# कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ एल्बेंडाजोल दवाई ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 15 दिसंबर।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय-सीमा की बैठक में फाइलेरिया बीमारी के नियंत्रण के लिए सामूहिक दवा सेवन के अंतर्गत कलेक्टर एवं उपस्थित सभी अधिकारियों ने डीईसी और एल्बेंडाजोल दवाई का सेवन संयुक्त रूप से किया ।सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अधिकारी-कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति के जांच करने के निर्देश दिये।।विभागवार समय-सीमा प्रकरणों के निराकरण हेतु निर्धारित बिंदुओं के आधार पर समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान उप संचालक कृषि को प्रधानमंत्री किसान फसल बीमा योजना, केसीसी, आग्रेनिक फार्मिंग के नियमित रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। सीएमएचओ को धनवंतरी दवाई दुकान से दवाई की खरीदी हेतु सभी बीएमओ को आदेशित करने तथा जिले के नगरीय निकायों के सीएमओ को प्रधानमंत्री आवास निर्माण व भवन अनुविज्ञा आवेदन के आधार पर भवनों के नियमितीकरण व निकाय क्षेत्रों में सड़क डामरीकरण प्राथमिकता के साथ कराने के निर्देश दिये। खाद्य अधिकारी को उचित मूल्य दुकानों में मिट्टी तेल की उपलब्धता व दुकानों में खाद्यान्न उपलब्धता की खाद्य निरीक्षक के जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला विपणन अधिकारी को देवभोग क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में धान के उठाव व खरीदी प्रारंभ कराने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। श्रम पदाधिकारी को भगिनी प्रसूति योजना अंतर्गत हितग्राहियों का पंजीयन और जिला शिक्षा अधिकारी को स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रतिक्षा सूची के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। उप संचालक समाज कल्याण विभाग को यूडीआईडी सर्वे पर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी एसडीएम को संबंधित क्षेत्र में समाज कल्याण विभाग के यूडीआईडी सर्वे सूची और जनपदवार चिन्हांकित रामायण मंडलियों को वेरीफाई कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अधिकारियों को लोक सेवा गारंटी अंतर्गत विभागों के लिए अधिसूचित सेवाओं अंतर्गत आवेदन ऑनलाइन लेने तथा निराकरण भी ऑनलाइन करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में मुख्यमंत्री जी के भेंट मुलाकात कार्यक्रम कुशलतापूर्वक निपटाने के लिए सभी अधिकारियों को बधाई दी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोक्तिमा यादव, वनमण्डलाधिकारी मणिवासगन एस, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ और जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय लोक कला प्रतियोगिता का आयोजन 19 दिसम्बर को

**गरियाबंद।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग अंतर्गत गुरुघासीदास लोक कला महोत्सव का आयोजन हेतु जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 19 दिसम्बर 2022 को किया जायेगा। उक्त आयोजन हेतु गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम हेतु गरियाबंद जिले के प्रतिभागी नर्तक दलों के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन कर जिले से एक दल का चयन कर भेजा जाना है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले में निवासरत नर्तक दलों जो कि पारम्परिक लोक कला यथा लोकगीत, लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वाद्य यंत्र के संबंध में रूचि रखते है, वे 17 दिसम्बर 2022 तक प्रविष्टियां प्रस्तुत कर सकते है। प्रविष्टियां कार्यालयीन समय में जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय आदिवासी विकास विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

# कला शिक्षा एवं लोक संस्कृति अंतर्गत आकर्षक चित्रकारी से सुंदर दिखा डाइट




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद ।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में कला शिक्षा एवं लोक संस्कृति अंतर्गत द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा डाइट प्राचार्य श्रीमती मीना पाणिग्राही सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान, के. सिंग के मार्गदर्शन एवं कला शिक्षा प्रभारी संतोष साहू (व्याख्याता) के दिशा निर्देश में लोक संस्कृति/पर्यावरण/स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत आकर्षक चित्रकारी से डाइट आकर्षक दिखने लगा है । साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन ने बताया कि कला शिक्षा अंतर्गत प्रतिवर्ष अलग अलग ढंग से छात्राध्यापकों द्वारा प्रदर्शन किया जाता है । इस वर्ष बाहरी एवं भीतरी दीवारों में चित्रकारी कर छात्राध्यापक कला का प्रदर्शन कर रहे हैं । इसी प्रकार प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा भी चित्रकारी की जायेगी ।

डाइट से वरिष्ठ व्याख्याता राजेश चंद्राकर, उमा देवी शर्मा, अमरदास कुर्रे, प्रकाश प्रधान, संतोष साहू, कमलेश पाण्डेय, टेकराम सेन, सुमन दीवान, किरण कन्नौजे, दुर्गा सिन्हा, तिलोत्मा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर ने हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि छात्राध्यापकों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है । छात्र परिषद अध्यक्ष भोजराज यादव, सचिव मोनिका पटेल, सदानंद मिर्धा, मीना दीवान, इंदूमोती पारेश्वर, महेश्वरी पटेल, भूमिका चंद्राकर, मनीषा साहू, दामिनी यादव, गीतांजली पटेल, खेमा मरकाम, सती बघेल, वंदना साहू, नवाजनीन सहित तीजन यामिनी, खुशबू, अजय टेकेन्द्र, नमन, अनुपमा, आरती, प्रीति, नमिता, कविता, जागृति, योगिता, वैशाली, धनेश्वरी, मुकुन्द, दीक्षा, छबीराम, रामेश्वर, पूजा , हामिद, पारसमणी,हिमांशु, छाया, कविता, विभा, जितेन्द्र, कुन्दन, अंजली, फाल्गुनी, तुलेश्वरी, तरुणी, राजेश्वरी, गीतांजली, ममता, यामिनी, रेवती, आयुष, सूरज, प्रीतम, विवेक, कृतिका, करुणा सहित समस्त छात्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा है ।

उक्त महत्वपूर्ण कार्य के लिये प्राचार्य श्रीमती मीना पाणिग्राही ने समस्त छात्राध्यापकों को बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है ।

### छ.ग.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने ली जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक




**रायगढ़, 15 दिसम्बर।** छ.ग.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) श्री थानेश्वर साहू ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान सदस्य श्री महेश चंद्रवंशी, श्री साधुचरण यादव एवं सचिव श्री बीरू कुमार साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे। बैठक में अध्यक्ष श्री थानेश्वर साहू ने विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं और पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों की जानकारी ली। उन्होंने एसडीएम रायगढ़ से ओबीसी वर्ग के जाति प्रमाण पत्र जारी करते समय आय गणना का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए ताकि अभ्यर्थी योजनाओं के लाभ से वंचित न हो। उन्होंने विभागवार संचालित योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान वन विभाग द्वारा बताया गया कि हरियाली प्रसार योजनान्तर्गत 78, पौधा तुंहर द्वार योजनान्तर्गत 185, आवर्ती चराई क्षेत्र में क्रय किए गए गोबर में 72 तथा मनरेगा मद के तहत स्वीकृत कार्यों में ओबीसी के 587 लाभार्थी शामिल रहे। क्रेडा विभाग अंतर्गत 2021-22 में कुल 18 लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित किया गया।

इसी प्रकार सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि मछली बीज संवर्धन, बायो फ्लॉक, स्वयं की भूमि में तालाब निर्माण जैसे विभिन्न विभागीय योजनान्तर्गत 387 लाभार्थियों में से 120 अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राही शामिल है। उद्यानिकी विभाग द्वारा बताया गया ।

# स्वस्थ्य रहने के लिए प्रतिदिन योग व्यायाम जरूरी



**महासमुंद।** वृंदावन विद्यालय में योगा अभ्यास कराया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती एवं स्वामी सच्चिदानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन स्वामी विद्यानंद सरस्वती, संस्था के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन एवं एमडी विनीता प्रीतेश मोहन, वरिष्ठ शिक्षिका विजय लक्ष्मी राव एवं ललिता चन्द्राकर की मौजूदगी में हुआ। स्वामी विद्यानंद सरस्वती का पुष्प् गुच्छ, पुष्पहार से अतिथि स्वागत सत्कार किया गया। उद्बोधन स्वरूप् एमआर विश्वनाथन ने योग के लाभ बताए कि प्रतिदिन योग करने से शारीरीक स्फूर्ति मिलती है। सुजाता विश्वनाथन ने कहा कि नियमित योग करने से हम निरोग रहते है। आत्मज्ञान जागरूकता का निर्माण होता हैं। योगासन अभ्यास पूर्व स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने छात्रों को सीख दिए कि हम सभी को प्रतिदिन योग व्यायाम कसरत करना चाहिए, फिर हम जीवन में कभी अस्वच्छ नहीं रहेंगे। चिकित्सालय जाने की जरूरत ही नही होगीं। योगाभ्यास पूर्व स्वामी ने गायत्रीं मंत्र, शांति पाठ, गुरूस्तोत्रम् उपरांत क्रमशः छः योगासन छात्रों व शिक्षको को कराए पदमासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, प्राणायम, भर्तृका प्राणायम के दो प्रकार उग्र व सौम्य भर्तृका प्राणायम, भ्रामरी, प्राणयाम, सभी आसनों के उद्देश्य व लाभ भी विस्तारपूर्वक बोध कराए। इस कार्यक्रम में शिक्षक ललिता चंद्राकर, विजय लक्ष्मी राव, उर्मिला अग्निहोत्री, टी वनिता राव, साधना राठौर, एम रजनी, भूमिका वर्मा, इंदु मिश्रा, गीतेश्वरी वर्मा, वर्षा चन्द्रकार, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, अमृता चन्द्राकर, दामिनी वैष्णव, काजल ठाकुर, गुजा साहू, प्रीति साहू, रितिका साहू, रेखा साहू, यास्मिन खान, संध्या सोना, जागृति साहू, भावना भवनकर, चंदाना सोनी, निकिता चंद्राकर आदि का योगदान रहा।

## समाचार संक्षेप

### सुकमा-एक लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



**सुकमा, 14 दिसंबर ।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत दंतेवाड़ा व सुकमा जिले के सरहदी इलाके में सक्रिय एक लाख के इनामी नक्सली लिंगा निवासी कटेकल्याण ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में बुधवार को डीएसपी रजत नाग व सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित नक्सली लिंगा नक्सली संगठन में दरभा डिवीजन सीएनएम सदस्य व तेलम रेंज कमेटी सीएनएम अध्यक्ष के रूप में सक्रिय था। डीएसपी रजत नाग ने बताया कि लिंगा वर्ष 2010 में बतौर बाल संघम सदस्य के रूप में नक्सलियों से जुड़ा। आत्मसमर्पित नक्सली लिंगा को प्रोत्साहन राशि के अलावा पुनर्वास नीति का लाभ प्रदान किया जायेगा।

### गुरु घासीदास जयंती पर 'शुष्क दिवस' घोषित

**सुकमा, 15 दिसंबर।** सुकमा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरिस. एस ने 18 दिसम्बर 2022 को ''गुरू घासीदास जयंती'' के अवसर पर जिले में मदिरा दुकानों को बंद रखने हेतु 'शुष्क दिवस' घोषित किया है। उन्होंने जिले के क्षेत्रांतर्गत 18 दिसम्बर को ''गुरू घासीदास जयंती'' के अवसर पर देशी-विदेशी मदिरा दुकानें, सी.एस. 2 (द्य), एवं विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल. 1 तथा एफ. एल. 7 सैनिक केन्टीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद पूर्णतः बंद रखने के निर्देश जारी किए हैं।

### नगर में 108 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ की तैयारी

**महासमुंद।** नगर में 7 से 10 फरवरी 2023 तक आयोजित होने वाले 108 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के आयोजन की तैयारियों के संबंध में गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू का आगमन स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद में हुआ। आगमन के साथ ही वेदमाता गायत्री का पूजन एवं वंदन पूर्व सांसद महोदय ने किया। साहू का स्वागत तिलक एवम पुष्प गुच्छ से किया गया। आयोजन के संबंध में जानकारी एवम कार्यक्रम के आमंत्रण के साथ साथ चंदूलाल साहू द्वारा इस भव्य आयोजन के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में एतराम साहू महामंत्री भाजपा, योगेश्वर राजू सिन्हा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, टीआर साहू, प्रभात उपाध्याय, श्याम कुमार दुबे, ललित कुमार मेश्राम, बाबूराम साहू, नरेंद्र कुमार नायक, दानेश्वर सिन्हा, कुबेर प्रकाश गिरी, हीरा लाल साहू, रिखी राम साहू, नीला राम ठाकुर, जगमोहन साहू, धनवंतरी सिन्हा, विश्राम साहू, भगत राम साहू, कौशल साहू, वेद राम साहू, ओम प्रकाश साहू, अजय साहू, श्रीकांत नासरे, रविकांत चंद्राकर, पूर्णिमा साहू, निर्मला यादव, धनीराम चक्रधारी, भूखन लाल निषाद, बिसहत साहू आदि उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी आशीष कुमार साहू ने दी है।

### अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति आवेदनों का सत्यापन

**गरियाबंद, 15 दिसंबर।** भारत सरकार, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय अंतर्गत शिक्षा के अधिकार (आर.टी.आई) अधिनियम-2009 के तहत कक्षा 01 से 08वीं तक प्रत्येक बच्चे को मुक्त शिक्षा प्रदान की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गरियाबंद ने जिले के शासकीय, अशासकीय माध्यमिक, हाईस्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महाविद्यालय, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग के प्राचार्य / प्रधान पाठकों को वर्ष 2022-23 के अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना के क्रियान्वयन एवं आवेदन पत्रों के सत्यापन को अवगत कराया है कि भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ष 2022-23 अंतर्गत प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत केवल कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्रों से प्राप्त आवेदनों को ही सत्यापित किया जाये। इस संबंध में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर सूचना अपलोड की जा चुकी है।

### प्राकृतिक आपदा प्राकरण में चार लाख की सहायता स्वीकृत

**गरियाबंद, 15 दिसंबर।**कलेक्टर प्रभात मलिक ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैनपुर तहसील के ग्राम खोखमा निवासी 50 वर्षीय कमलू राम की 22 दिसम्बर 2021 को नाला के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम परिजन उनकी पत्नी महरागी नेताम को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है।

### जिला बाल संरक्षण की त्रैमासिक समीक्षा बैठक 20 दिसम्बर को

**रायगढ़, 15 दिसम्बर।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक समीक्षा बैठक 20 दिसम्बर 2022 को दोपहर 01 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गयी है।

# अति संवेदनशील क्षेत्र में पहुंच विधायक शिशुपाल शोरी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर सरोना, 15 दिसंबर।** हमर गांव हमर विधायक के तहत अति संवेदनशील क्षेत्र ग्राम पंचायत रावस पहुंचे विधायक एवं संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी,विधायक के स्वागत में पूरा गांव उमडा सरोना तहसील के अंतर्गत अति संवेदनशील क्षेत्र ग्राम पंचायत रावस में हमर गांव हमर विधायक कार्यक्रम के तहत संसदीय सचिव विधायक शिशुपाल शोरी आज ग्राम पंचायत रावस आश्रित ग्राम परेदोड़ा आमापानी मैं पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक एवं संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी का बाजे गाजे एवं पुष्पहार के साथ स्वागत करते हुए पैदल कार्यक्रम स्थल तक ले गए विधायक के स्वागत में पूरा गांव पहुंचा था तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर विधायक एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की गई एवं उनकी समस्याओं को करीब से जाना एवं उनका निराकरण भी किया ।

**ग्रामीणों ने की मांग:-** ग्राम पंचायत रावस के ग्रामीणों ने हट कुल नदी में पुल निर्माण की मांग की एवं हाई स्कूल भवन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन एवं आमा पानी में आमा पानी से निशान हंरा तक सड़क निर्माण की मांग नल जल योजना एवं सीसी सड़क की मांग रखी विधायक एवं संसदीय सचिव द्वारा पूरा करने की बात कही है।

**कार्यक्रम में रहे मौजूद:-**इस अवसर पर जनपद पंचायत नरहरपुर अध्यक्ष संजू लता नेताम जनपद सदस्य ललिता सोरी? संत राम मरकाम ग्राम पंचायत रावस सरपंच अमीरा नेताम सरपंच धनेश्वर सुरेंद्र नेताम कांग्रेस नेता अजय ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरहरपुर पीके गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी रवि प्रकाश मिश्रा बीआरसी हेमंत को राम सचिव हीरा नेताम सतोष नेताम पूर्व सरपंच जेवाराम मरकाम एवं भारी संख्या में गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सम्मेलन में बस्तर के रिरिलोयो रेला रेला नृत्य,गीत ने सबका मन मोहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 15 दिसंबर।** दिल्ली के राष्ट्रीय सहकारी संघ, अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन एवं सेवा सहकारी फेडरेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बस्तर के रेला गीत की गूंज सुनाई दी। अवसर था कांकेर से आए महिला सदस्यों के द्वारा प्रशिक्षण लेने का , जहा उत्तर बस्तर कांकेर के महिलाओ ने बस्तर के लोकप्रिय रेला गीत गाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया द्य नेशनल स्तर के इस प्रशिक्षण शिविर में न केवल सहकारी समितियों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने की बात कही गई वरन् सम्मेलन में महिला सहकारी समितियों द्वारा घोषणा पत्र भी जारी किया गया। सम्मेलन में बस्तर का प्रतिनिधित्व जिला सहकारी संघ मर्यादित कांकेर के अध्यक्ष सियो पोटाई ने किया। उनके साथ सम्मेलन में कमला गुप्ता, कलावती कश्यप और गोमती सलाम भाग ले रही है। सम्मेलन के पहले दिन पंजीयन के बाद राष्ट अंतर्राष्ट्रिय स्तर के सहकारिता जगत से जुड़े जन प्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने महिला समितियों ने दिखाई भावी दिशा के विषय में अपने विचार रखे विशेष रूप से एनसीयूआई के अध्यक्ष दिलीप भाई संघानी, गुजरात राज्य सेवा सहकारी संघ के अध्यक्ष मिराई चटर्जी, सेवा भारत के अध्यक्ष रेनाना



झाबवाला ने महिला सशक्तिकरण उनको आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने और सहकारिता मे महिलाओ की भूमिका हो सकती है के बारे मे विस्तार से बताया। ट्रेनिंग मे उपस्थित अधिकारियों ने सहकारी समितियों को व्यापार करने में आसानी, वित्तीय सेवाएं आदि के विषय में अपने विचार रखे । दूसरे दिन इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलाइंस (एशिया प्रशांत) के क्षेत्रीय निदेशक बालासुब्रमण्यम अय्यर, एनसीयूआई के सावित्री सिंह आदि ने प्रशासन और क्षमता निर्माण, डिजिटल समावेशन से महिलाओं को अवगत कराया। इस सम्मेलन का मुख्य विषय एकजुटता का मजबूतीकरण और दिल्ली घोषणा पत्र था। जिसे गुजरात राज्य सेवा सहकारी संघ की अध्यक्ष मिराई चटर्जी ने पढ़ा तथा इसे सरकार से सहकारिता के कानून मे जोड़ने की बात कही । इस सम्मेलन से उत्साहित जिला सहकारी संघ मर्यादित कांकेर के अध्यक्ष सियो पोटाई और कमला गुप्ता ने कहा कि यह पहला अवसर है जब देश के 18 राज्यों के 100 महिलाओं को सीधे तौर पर प्रशिक्षण देकर सेवा सहकारी फेडरेशन 'अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन एवं श्रम सहकारी संगठन के माध्यम से असंगठित कामगारों को जोड़ने की बात कही गई ट्रेनिंग मे प्रत्येक राज्यो के प्रतिनिधियो से सीधे बात करके उनकी परेशानियो को समझकर उन्हे दूर करने के उपाय बताये गए, जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष सियो पोटाई ने सेवा सहकारी फेडरेशन के अध्यक्ष मिराई चटर्जी एवं उनके पदाधिकारियों से बात करके छत्तीसगढ़ के महिलाओं को सेवा सहकारी फेडरेशन से जोड़ने का निवेदन किया तथा कहा कि छत्तीसगढ मे सहकारिता के लिए अपार संभावनाये है खास तोर पर बस्तर अंचल के महिलाएं सहकारिता से जुड़कर बहुत कुछ करना चाहती है, इसलिए प्रथमिकता के तोर पर यहाँ के महिलाओ को सेवा सहकारिता के फेडरेशन से जोडा जाए साथ ही बस्तर मे इसका ट्रेनिंग कार्यक्रम रखा जाए, पोटाई ने नेशनल कॉआपरेटिव यूनियन नई दिल्ली के चेयरमेंन् दिलीप भाई संघानी को भी बस्तर आने का निमंत्रण दिया । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई, श्रम सहकारी संगठन के कार्यकारी निदेशक एचआर नागवंशी।

## एक नजर

### नगर के दशहरा मैदान में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**तिल्दा नेवरा, 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर में असतो तत्सत 108 श्री मत भागवत कथा का शुभारंभ 14 दिसंबर से 20 दिसंबर तक दशहरा मैदान हाय स्कूल ग्राउंड नेवरा में डोपह दो बजे से शाम 5 :00 बजे तक रहेगा श्रीधाम वृंदावन के रसिक भागवत चार्य के द्वारा कथा का शुभारंभ किया गया।इस दौरान आयोजक कथा परिवार तिल्दा नेवरा के द्वारा आयोजन में गायत्री मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जो बाजे गाजे के साथ निकाली गई भव्य कथा का आयोजन किया जा रहा ह एक सो आठ। पोथी कथा में एक सो आठ। पंडित के साथ जजमान रहेंगे जिसकी भव्य तैयारी की गई है।

### विधायक बघेल के नेतृत्व में 16 को निकलेगी सतनाम संदेश यात्रा

**डोंगरगढ़, 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती का आगामी 18 दिसंबर को 266 वी



जन्म जयंती की पूर्व डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सतनामी समाज के सामाजिक बहुल्य गांवों से होकर संत गुरु घासीदास बाबा जी के बताए अमृतवाणी और उनके बताए सतनाम उद्देश्यों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से डोंगरगढ़ विधानसभा के स्थानीय विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के नेतृत्व में सभी सामाजिक बंधुओं के नेतृत्व में सतनाम संदेश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ 16 दिसम्बर को सतनाम धाम रावटी पहाड़ से किया जाना सुनिश्चित किया गया है सतनाम भवन डोंगरगढ़ कलकसा देवकट्टा कतलवाही शिवपुरी रानीगंज ढारा करेला भंडारपुर मूढ़ीपार कलकसा जुल्लाकला खुर्सीपार घोटीया दामरी दाल्ली कलेवा भटगांव रात्रि विश्राम घुमका में किया जवेगा द्वितीय दिवस 17 दिसम्बर घुमका यात्रा से प्रारंभ होकर देवादा माहरूम ठेलाकडीह पदुमतरा तिलाई बोरी सतनाम भवन राजनांदगांव में भव्य शोभायात्रा शामिल होगा इस सतनाम संदेश यात्रा में 200 से अधिक मोटरसाइकिल सम्मिलित होंगे जिसमें समाज के प्रमुख रूप से पंचराम चंदेल दिनेतू जांगड़े गौकरण कोसले धीरन दास चेलक भजनू चंदेल जितेंद्र गेंद्रे खेमदास लहरे ललित लहरे अंजोर मारकंडे ललित चेलक छोटूलाल टंडन पारस राय शिशुपाल भारती राजा जोशी धनेश्वर मारकंडे ईश्वरी बंजारे सुरेश गेंद्र गंगा प्रसाद बंजारे बनाऊं जोशी राजू कौशिक राज कुमार मंडले आनंदी चंदेल चैतराम चंदेल शामिल होंगे उक्त सतनाम संदेश यात्रा की जानकारी पुरुषोत्तम चेलक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया।

### आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**डोंगरगढ़, 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर रजत बंसल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 13 दिसम्बर 2022 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में अमित कुमार पात्रे पिता राजकुमार पात्रे, निवासी ग्राम गोढ़ी स, तहसील भाटापारा एवं लखन सेन पिता जनक सेन, निवासी ग्राम खैरा, तहसील भाटापारा हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के आग में जलने, कुआं के पानी में डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

## अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# माफिया के 2 चेन माउंटेड पोकलेंड सहित कुल 16 वाहन किए गए जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 15 दिसंबर।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध रेत परिवहन के मामलों में तेज़ी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत खनन और भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। जिसमें 2 चेन माउंटेडपोकलेंड सहित कुल 16 वाहन ज़ब्त किया गया हैं।

जिला खनिज अधिकारी के के बंजारे ने बताया कि देर रात 12 से 3 बजे के बीच खनिज विभाग द्वारा दतरेंगी एवं बम्हनी के साथ आसपास के रेत खदान की सघन जाँच किया गया। जिसमें बम्हनी रेत खदान में चैन माउंटेड मशीन से रेत का स्वीकृत लीज़ से बाहर व रात में मशीने से खुदाई करने एवं बिना रायल्टी पर्ची के रेत निकालने पर 13 रेत से भरी हाइवा/ट्रेलर सहित 1 हाइवा रेत भरने हेतु नदी के भीतर खड़ी गाड़ी को जब्त किया गया है। इसके साथ हीअवैध उत्खनन में संलिप्त 2 चेन माउंटेडपोकलेंड को जब्त कर कार्रवाई की गयी है। सभी जब्त वाहन नजदीकी थाना गिधपुरी को सुपुर्दगी में रखा गया है। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही श्री बंजारे ने जानकारी देतें हुए बताया कि विगत 2 महीनो से खनिज विभाग के द्वारा रेत खदानो व खनिजो के अवैध उत्खनन परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिससे माह अक्टूबर नवम्बर में अवैध उत्खनन के 10 प्रकरण एवं अवैध परिवहन के 75 प्रकरण पंजीबद्ध कर 19.51लाख जुर्माना की वसूली किया गया है।

कलेक्टर ने सभी खदानो पर सतत निगरानी व गलती पाए जाने पर नियमानुसार कठोर करवाही किए जाने के निर्देश दिए है। गौरतलब है की कलेक्टर रजत बंसल ने जिले में रेत के अवैध कारोबार के मामले में अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। अवैध रेत के भंडारण, अनुमति और उत्खनन, परिवहन के साथ-साथ रॉयल्टी पर्ची आदि सभी दस्तावेजों के परीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं।

श्री बंसल ने कहा है कि ऐसी कार्रवाईयां आगे भी जारी रहेंगी। अवैध रेत खनन व धंधा करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है और ऐसे अवैध धंधे एवं परिवहन करते पकड़े जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मितान क्लब के सदस्यों ने ग्राम हरिनभट्ठा में की सफाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 15 दिसंबर।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी के मार्गदर्शन में राजीव गांधी युवा मितान क्लब के सदस्यों द्वारा हरिनभट्ठा के आस-पास की साफ-सफाई की गई और लोगों को भी अपने आस-पास साफ-सफाई रखने के लिए आग्रह किया।

राजीव युवा मितान क्लब का गठन सरकार की तरफ से क्लब के माध्यम से युवाओं को राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संगठित किया जा रहा है. साथ ही युवाओं में नेतृत्व विकास स्वावलंबन, शिक्षा और सांस्कृतिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा। ग्राम हरिनभट्ठा के जैत खम्ब के पास नाली का साफ सफाई किया गया, उक्त अवयुवा मितान क्लब अध्यक्ष घनश्याम चतुर्वेदी, जिनेंद्र भारती, महेश चतुर्वेदी, अर्जुन टोंडे, सागर टोंडे, बोददल रात्रे, कोल्हू महिलांगे, तमिश सोनवानी, आदि युवा उपस्थित थे

## राष्ट्रीय सम्मान सभा व रैली में सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 15 दिसम्बर।** भारतीय संविधान के शिल्पकार भारतरत्न बोधिसत्व डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के 66 वें परिनिर्वाणदिवस पर परिनिर्वाण भूमि सम्मान समिति दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मान सभा एवं रैली में छत्तीसगढ़ प्रदेश के सैकड़ों कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े एवं राष्ट्रीय महासचिव सुनील रामटेके के नेतृत्व में शामिल हुए। जिनमें प्रमुख रूप से प्रमोद वासनीक रायपुर, धर्मेंद्र मेश्राम कोंडागांव, कमलेश रामटेके जगदलपुर, वीरेंद्र बोरकर डोंगरगांव, प्रतिमा वासनिक राजनांदगांव, अनिल रामटेके कोर्रामटोला, सुजाता रामटेके, दिलीप सुखदेवे एवं रवि बारसागड़े, नलिनी मेश्राम डोंगरगढ़, राजेश हुमने, मनोज बौद्ध, प्रफुल्ल गेड़ाम बिलासपुर, तामेश्वर तुरकाने दुर्ग, सत्यभामा खरे पुसावड़, अहिल्या बाई रावटे चिखली की उपस्थिति प्रभावशाली रही। इस अवसर पर डॉ. आंबेडकर परिनिर्वाण भूमि सम्मान समिति छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने राष्ट्रीय सम्मान सभा एवं रैली को संबोधित करते हुए समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्र्देश गजभिए के कुशल एवं सक्षम नेतृत्व में पिछले 22 वर्षों में किए गए आंदोलनों के बारे में विस्तार से बताया साथ ही दिल्ली विधानसभा के सामने 26अलीपुर रोड दिल्ली में स्थित भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बोधिसत्व डॉ भीमराव अंबेडकर की परिनिर्वाण भूमि को राजघाट जैसा दर्जा एवं बड़ा भूमि परिसर देने की मांग की। समिति के राष्ट्रीय महासचिव सुनील रामटेके ने परिनिर्वाण भूमि को विश्व धरोहर की सूची में शामिल करने, अनुसूचित क्षेत्रों में पृथक निर्वाचन प्रणाली लागू करने एवं नई दिल्ली में बनने वाले नए संसद भवन का नाम संविधान पिता डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर करने की मांग की।

## समाचार संक्षेप

### पैरा दान करने वाले किसानों का कलेक्टर ने किया सम्मान

**बलौदाबाजार, 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्यशासन के निर्देश पर आज पैरादान को बढ़ावा देने जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर रजत बंसल बलौदाबाजार विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत भद्रपाली अतर्गत ग्राम मुढ़ीपार के गौठान पहुँचे। जहाँ पर पैरादान करनें वाले किसानों का उत्साहवर्धन करतें हुए उनका श्रीफल से सम्मान किया गया। इसके साथ ही भाटापारा के ग्राम धनेली पहुँचकर पैरादान कार्यक्रम में हुए। इस मौके पर छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शेख अलीमुद्दीन, परमेश्वर यदु, सुमित्रा धृतलहरे, खुशबू बंजारे, कविता प्राण लहरें, भारती मोनू साहू, मंडी अध्यक्ष तुलसी वर्मा जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, कलेक्टर रजत बंसल जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा पैरादान के महत्व, उपयोगिता एवं मुख्यमंत्री के सपनों के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया।इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी गण बड़ी सँख्या में उपस्थित थे।



### चार जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कुछ दिनों पूर्व से पलारी एवं सुहेला थाना के सरहदी क्षेत्रों मे स्थित खेत में जुआ होने की सूचना प्राप्त हो रही थी। उक्त सूचनाओं की तस्दीक पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक कुमार झा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे के निर्देशन में जुआ होने वाले इस जगह में दबिश देकर जुआरियों को पकड़ने की योजना बनाई गई, जिसके तहत उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अभिषेक सिंह के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक विक्रम बघेल, निरीक्षक आशीष राजपूत, उपनिरीक्षक रोशन राजपूत एवं उपनिरीक्षक भीम कुमार सोम के साथ प्रधान आरक्षक दिलीप टोप्पो, अरशद खान, आरक्षक सूरज राजपूत, भूपेंद्र वर्मा, अश्वनी पैकरा, कार्तिक कश्यप, संतोष आदित्य एवं रक्षित केंद्र बलोदाबाजार की पुलिस की टीम द्वारा ग्राम पहुंच मार्ग से खेतों से होते हुए 06 किलोमीटर पैदल चलकर ग्राम साराडीह के नहर पार में रेड कार्यवाही किया गया। इस दौरान 04 लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियों से 52 पत्ती ताश एवं 35, 220 जप्त किया गया है। साथ ही मौके पर ही आरोपियों से अङ्कस मोटरसाइकिल क्र. ष्त्न22 क्व0206, हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल क्र. ष्त्न22 4324 एवं 04 मोबाइल भी बरामद किया गया है। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर, इनके विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

## पिताम्बर को अब कहीं आने-जाने में नहीं होगी परेशानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 15 दिसंबर।** दिव्यांग पिताम्बर को अब कहीं भी आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। उसकी समस्या का निराकरण कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने उसे बैटरी चलित ट्रायसायकल प्रदान कर किया है। दिव्यांग पिताम्बर ने बताया कि वह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खुटेरी का निवासी है। उसने आज जनदर्शन कार्यक्रम में पहुँचकर कलेक्टर को अपनी समस्याएँ बताई और बैटरी चलित ट्रायसायकल की मांग की थी। कलेक्टर शर्मा ने पिताम्बर की समस्या को संवेदनशीलता के साथ विचार कर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि वे तत्काल बैटरी चलित ट्रायसायकल उपलब्ध कराएँ। कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल ही बैटरी चलित ट्रायसायकल उपलब्ध कराकर दिव्यांग पिताम्बर को सौंप दिया गया। बैटरी चलित ट्रायसायकल पाकर दिव्यांग पिताम्बर ने शासन-प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह कहीं भी जाना-आना कर सकता है, उसकी समस्या का तत्काल निराकरण हुआ है। कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल बैटरी चलित ट्रायसायकल मिलने से पिताम्बर बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे।


### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः
20221209220014/20221209220014

विषयः- ब- 121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः-2022-2023
रामनगर प.ह.न. 00024 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार -बिरेन्द्र कुमार,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिरेन्द्र कुमार आ. रामनारायण जाति तेली सा. वार्ड नम्बर 15 बुधवारी पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम रामनगर प.ह.न. 24 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 58 में ख.न. 9/3 रकबा 0.597हे. कृषि भूमि बिरेन्द्र कुमार, टीकेश्वरी, सुषमा सभी पिता रामनारायण सभी जाति तेली सभी सा.डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बी-1, शपथ पत्र, थाना में सूचना की प्रति, एवं चालान आदि की छायाप्रति संलग्न है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.12.2022 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/12/2022 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़



### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग नारायणपुर संभाग नारायणपुर (छ.ग.)
**निविदा सूचना प्रकाशन**

क्रमांक 3023/N.I.T. No.-12/व.ले.लि./2022-23 नारायणपुर, दिनांक 12.12.2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी वर्ग ''अ'' से ''द'' वर्ग तक पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि :- 21.12.2022 सायं 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 28.12.2022 सायं 5.30 बजे तक (रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट द्वारा)
निविदा खोलने की तिथि :- 29.12.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| नि.क्र. | कार्य का नाम | अमानत राशि निविदा प्रपत्र राशि | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| T0012 | जिला नारायणपुर के बखरूपारा से नया बस स्टैण्ड मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण में रोड फर्नीचर का कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 24000/- 750/- | 31.97 | 03 माह |
| T0013 | जिला नारायणपुर के पुराना बस स्टैण्ड से नया रेलवे लाइन पहुंच मार्ग में रोड फर्नीचर का कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 3200/- 750/- | 4.25 | 01 माह |

शर्तेंः- निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।


कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.(भ./स.) संभाग
नारायणपुर

जी-96673/4


## फाइलेरिया से बचाव के लिए डब्ल्यूएचओ चला रहा जागरूकता अभियान

# मितानिनें घर-घर जाकर बांट रही फाइलेरिया एवं कृमिनाशक दवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 15 दिसम्बर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक छुरा में मितानिन व स्वस्थ विभाग द्वारा फाइलेरिया के बारे जानकारी दी जा रही है। फाइलेरिया घातक बीमारी है। जिसे हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। यह साइलेंट रहते हुए मानव शरीर को काफी नुकसान पहुंचाता है। इस बीमारी की जानकारी समय पर मरीजों को नहीं हो पाती है। इसलिए बचाव और सजगता से ही फाइलेरिया के दुष्प्रभाव को कम किया जा सकता है। ड्ब्लूह के द्वारा फाइलेरिया से बचाव के लिऐ लोगों तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र की मलेरिया विभाग के कर्मियों, मितानिन के माध्यम से प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को रोग के लक्षण जैसे रुक-रुक कर बुखार आना, शरीर में दर्द, लिम्फ नोड लसिका ग्रंथियों में सूजन, हाथ-पैर में सूजन आदि। पहले दिन में पैरों में सूजन रहती है।और रात में आराम करने पर कम हो जाती है।और बचाव संबंधी जानकारी दी जा रही है कि फाइलेरिया के मच्छर गंदी जगहों पर पनपते हैं। इसलिए मच्छरों से बचाव करें।साफ सफाई रखकर मच्छर से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें। रोगियों के बीच फाइलेरिया एवं कृमि दवाई का सेवन कराया एवं घर के सदस्यों के लिऐ दवाई वितरण किया गया। परिवेश को साफ रखने और संबंधित अंग की सफाई करने के बारे में जानकारी दी जा रही है।

**मरीजों को बना देता है अपंग:** फाइलेरिया बीमारी से संबंधित स्पष्ट कोई लक्षण नहीं होता है। बुखार, बदन में खुजली और पुरुषों के जननांग और उसके आस-पास दर्द व सूजन की समस्याएं हो जाती है। इसके अलावा पैरों और हाथों में सूजन, हाइड्रोसील (अंडकोष में सूजन) और भी कई अन्य तरह से फाइलेरिया के लक्षण देखने व सुनने को मिलते हैं। इस बीमारी में सबसे पहले हाथ और पांव दोनों में हाथी के पांव जैसी सूजन आ जाती है। फाइलेरिया का संक्रमण बचपन में ही आ जाता है। कई सालों तक इसके लक्षण नजर नहीं आते हैं। फाइलेरिया न सिर्फ व्यक्ति को विकलांग बना देती है बल्कि इससे मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। पांच वर्षो तक साल में सिर्फ एक बार खानी पड़ती है दवा बीमारी बढ़ने के साथ-साथ शारीरिक अपंगता बढ़ती चली जाती है। इसी कारण इसे निग्लेक्टेड ट्रापिकल डिजीज की श्रेणी में शामिल किया गया है। दिव्यांगता बढ़ने के साथ ही उक्त व्यक्ति कामकाज में पूरी तरह से अक्षम हो जाता है। नौकरी पेशा या व्यवसाय से जुड़े व्यक्ति के अपंग होने की स्थिति में परिवार पर इसका बुरा असर पड़ता है। लगातार पांच वर्षो तक वर्ष में एक बार दवा का सेवन करने मात्र से बीमार व्यक्ति इस बीमारी से सुरक्षित रह सकता है। दवा खा चुके व्यक्तियों में अगर फाइलेरिया के माइक्रो फाइलेटी होते हैं तो वह निष्क्रिय हो जाता हैं। किसी अन्य के संक्रमित होने की आशंका नहीं रह जाती है।


### कार्यालय नगर पंचायत बस्तर, जिला बस्तर (छ.ग.)

क्रमांक/1343/लो.नि.वि./न.पं./2022 बस्तर, दिनांक 13/12/2022

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से निम्न निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 20.12.2022 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 21.12.2022 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि - 27.12.2022 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 27.12.2022 4.00 बजे तक

| क्र. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानत राशि (हजार में) |
|---|---|---|---|
| 1 | पाईप लाईन विस्तार कार्य (वार्ड क्र.-01 माझीपारा सुंदर का बाड़ी से आंगनबाड़ी तक) | 1.00 | 2000.00 |
| 2 | पाईप लाईन विस्तार कार्य (वार्ड क्र.-14 बागबहार सोमारू कश्यप घर से आंगनबाड़ी भवन तक) | 1.00 | 2000.00 |
| 3. | पाईप लाईन विस्तार कार्य (वार्ड क्र.-15 डेलु घर से समलु घर तक) | 1.00 | 2000.00 |

उक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बस्तर

